Ranchi ● Friday, 26 September 2025 ● Year : 03 ● Issue : 251 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

राजधानी में दुर्गा पूजा का भक्तिमय माहौल परवान चढ़ने लगा है। जिला स्कूल मैदान में बन रहा पूजा पंडाल न सिर्फ अपने भव्य स्वरूप के लिए, बल्कि सुरक्षा की अनोखी पहल के कारण भी चर्चा का केंद्र बना हुआ है। गुरुवार को पूजा पंडाल आम लोगों के लिए खोल दिया गया। पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रामलला पूजा समिति की ओर से लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से पंडाल का निर्माण कराया गया है। यह पंडाल गुजरात के भुज स्थित स्वामी नारायण मंदिर का प्रारूप बनाया गया है।

मां का खुला पट

शारदीय नवरात्र : पांचवां दिन

मां स्कंदमाता का ध्यान

या देवी सर्वभूतेषु मां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

BRIEF NEWS

आईएएस विनय चौबे ने हाईकोर्ट से मांगी बेल

RANCHI : हजारीबाग जिला का डीसी रहते हुए सेवायत भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री में शामिल होने के आरोपों में जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय चौबे ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। गुरुवार को विनय चौबे ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। फिलहाल यह याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। विनय चौबे ने जिस मामले में हाईकोर्ट से बेल मांगी है, उस मामले में अगस्त महीने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसीबी ने इस संबंध में कांड संख्या 9/2025 दर्ज की है। हजारीबाग एसीबी की स्पेशल कोर्ट ने 16 सितंबर को इस मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इंकार कर दिया था।

पुलिस महानिदेशक ने दिया नई जिंदगी के अवसर देने का आश्वासन

चाईबासा में 10 माओवादियों ने डीजीपी के सामने किया सरेंडर

PHOTON NEWS CHAIBASA : गुरुवार को चाईबासा में भाकपा (माओवादी) संगठन के 10 सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं। सभी ने राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता के सामने हथियार डाल दिए। यह आत्मसमर्पण झारखंड सरकार की उग्रवादी आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत हुआ। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड की आत्मसमर्पण नीति देश की सर्वश्रेष्ठ नीतियों में से एक है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वालों को नई जिंदगी के अवसर देने का आश्वासन दिया। साथ ही चेतावनी दी कि जो हथियार नहीं छोड़ेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आत्मसमर्पण करने वालों में एक एरिया कमेटी सदस्य और नौ दस्ता सदस्य शामिल हैं। इनमें रांदो बोईपाई उर्फ कांति बोईपाई (एरिया कमेटी सदस्य) और गार्टी कोड़ा, जॉन उर्फ जोहन पुरती, निरसो सीदू उर्फ आशा, घोनोर देवगम, गोमेया कोड़ा उर्फ टारजन, कैरा कोड़ा, कैरी कायम उर्फ गुलांची, सावित्री गोप उर्फ मुतुरी उर्फ फुटबॉल और प्रदीप सिंह मुंडा (सभी दस्ता सदस्य) शामिल हैं। इन सभी नक्सलियों का आपराधिक इतिहास भी है और इनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

आत्मसमर्पण करने वालों में में एक एरिया कमेटी और 9 दस्ता सदस्य, इनमें चार महिलाएं

- सभी के खिलाफ दर्ज हैं कई आपराधिक मामले
- सरकार की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा में शामिल हो रहे नक्सली
- साल 2022 से 175 नक्सलियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में
- आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए स्थापित किए गए हैं नए कैंप

तीन वर्षों में 26 नक्सलियों ने टेके घुटने

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इसे झारखंड पुलिस की बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत तीन वर्षों में पश्चिमी सिंहभूम जिले से 26 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आज के आत्मसमर्पण से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है और चाईबासा और कोल्हान क्षेत्र में नक्सली और उग्रवादी गतिविधियों पर और अंकुश लगेगा। झारखंड पुलिस ने शेष नक्सलियों से भी अपील की है कि वे हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं और समाज की मुख्यधारा से जुड़कर विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

चल रहा प्रभावी अभियान

बताते चलें कि पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के 'ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो' का संचालन केंद्रीय समिति सदस्य मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी उर्फ अनल और अन्य के नेतृत्व में किया जा रहा है। इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान दल लगातार अभियान चला रहे हैं। 2022 से अब तक पश्चिमी सिंहभूम में 9631 अभियान चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 175 नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि 10 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए हैं।

राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएं चिकित्सक : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में 160 चयनित चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें जेपीएससी द्वारा चयनित सहायक प्राध्यापक, दंत चिकित्सक, एनएचएम के तहत संविदा आधारित चिकित्सा पदाधिकारी और विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि जेपीएससी के तहत 54 सहायक प्राध्यापक, 13 दंत चिकित्सक, एनएचएम के तहत 55 विशेषज्ञ चिकित्सक और 38 चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। नियुक्ति पत्र देने ने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि धरती पर भगवान के रूप में आपकी नियुक्ति हो रही है। आपसे इस राज्य की गरीब, कमजोर और असहाय जनता को काफी आशा और उम्मीदें हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपनी सेवा भावना से यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और बेहतर करेंगे। अपनी सेवा से राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को ऊंचाई पर ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों से कहा कि आपने अपने कैरियर के रूप में स्वास्थ्य के क्षेत्र को चुना है।

- मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 160 सहायक प्राध्यापकों, दंत चिकित्सकों और चिकित्सा पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र
- नियुक्तियों की श्रृंखला में नित्य जुड़ रही हैं नई कड़ियां, आगे भी जारी रहेगा अभियान
- गरीब और असहाय जनता के प्रति यथार्थ में दिखनी चाहिए संवेदनाएं
- बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टरों को किया जाएगा सम्मानित

सीमित संसाधनों में कर सकते हैं बहुत कुछ

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास संसाधन सीमित है। लेकिन, इन सीमित संसाधनों के बीच भी करने के लिए काफी कुछ है। बस इसके लिए जुनून होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों को जितना इलाज की जरूरत है, उतना ही आपकी संवेदना और सेवा की भी। आप अपने व्यवहार और प्रभाव से मरीजों को काफी हद तक बेहतर माहौल दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में नई चुनौतियां आ रही हैं। इसके लिए चिकित्सा के क्षेत्र बेहतर करने के लिए निरंतर अनुसंधान भी हो रहे हैं। इस दिशा में चिकित्सकों की काफी अहम भूमिका है। सरकार ने भी एक ऐसी व्यवस्था बनाई है, जिसमें आप सभी का सहयोग लेकर स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करना है, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए संसाधन और सुविधाएं मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं। लोग अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। मेरा मानना है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसी समस्याएं मनुष्य द्वारा ही पैदा की जा रही है।

इंटरनेशनल ट्रेड शो का पीएम ने किया उद्घाटन, बोले-

डिफेंस कॉरिडोर से रक्षा क्षेत्र में भारत बन रहा आत्मनिर्भर

AGENCY GREATER NOIDA : गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से ग्रेटर नोएडा में स्थित एक्सपो मार्ट में पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। मौके पर पीएम ने हमारी सेनाएं स्वदेशी हथियार की लगातार मांग कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है, जहां पर ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर रक्षा से संबंधित कई उपकरण बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस के सहयोग से उत्तर प्रदेश में स्वचालित राइफल का निर्माण जल्द ही शुरू हो रहा है।

उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि आपसे मेरी कुछ अपेक्षाएं भी है। भारत में बनने वाला उत्पाद बेस्ट क्वालिटी का होना चाहिए। मोदी ने कहा कि देशवासियों के मन में यह बात आई है की स्वदेशी उत्पादों की क्वालिटी में लगातार सुधार हो रहा है।

जस्टिस आनंद सेन की अदालत में परीक्षा में हो रही देर को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई

जेटेट होने तक नहीं होगी शिक्षकों की बहाली

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि 2026 तक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) आयोजित की जाए। अदालत ने साफ कहा कि जेटेट परीक्षा होने और उसके परिणाम आने तक राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू न करें। जस्टिस आनंद सेन की अदालत में जेटेट में हो रही देर को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई में अदालत ने शिक्षा सचिव को हाजिर होने को कहा था। गुरुवार को सुनवाई के दौरान शिक्षा सचिव हाजिर हुए। सुनवाई के क्रम में अदालत ने शिक्षक पात्रता परीक्षा बीते 9 साल से नहीं होने पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि जो नियम है, उसका पालन जरूरी है।

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से 2026 तक परीक्षा कराने को कहा

401 उम्मीदवारों ने दायर की है याचिका

शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले में हरिकेश महतो और अन्य 401 उम्मीदवारों ने याचिका दायर की है। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज व अधिवक्ता कुशाल कुमार ने बहस की। अदालत ने सरकार से कहा गया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा, शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया में अहम होती है। इसे लिए बिना नियुक्तियां नहीं हो सकतीं।

9 साल से प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवार, 2016 के बाद झारखंड में नहीं हुई है शिक्षक पात्रता परीक्षा

कोर्ट ने पूछा- अब तक क्यों नहीं शुरू हुआ एग्जाम

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि आखिर 2016 के बाद जेटेट का आयोजन क्यों नहीं किया गया। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सरकार ने जेटेट नियमावली में कहा है कि जिन्होंने 2016 में जेटेट पास की है, उनकी वैधता आजीवन रहेगी। उन्होंने अदालत को बताया कि वर्ष 2016 के बाद से अब तक लगभग नौ साल हो गए, लेकिन झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया।

चिंताजनक एसएसआरसी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, भारत पर भी गहरा असर

सामाजिक विभाजन में बड़ी भूमिका निभा रहा सोशल मीडिया

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : समय के साथ समाज में बदलाव स्वाभाविक होता है। लेकिन, जब यह बदलाव कृत्रिम प्रभाव से आक्रांत होने लगता है, तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। आज के हाईटेक दौर में कुछ ऐसी ही तस्वीर उभरकर सामने आ रही है। हाल में हुए रिसर्च से यह जानकारी सामने आ रही है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ता पोलराइजेशन (ध्रुवीकरण) अब लोकतांत्रिक संवाद के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। अमेरिका स्थित सोशल साइंस रिसर्च काउंसिल (एसएसआरसी) की ताजा अंतरराष्ट्रीय स्टडी ने चेतावनी दी है कि एल्गोरिद्म की संरचना इस तरह काम कर रही है कि उपयोगकर्ता लगातार उन्हीं विचारों से जुड़ी सामग्री देखते हैं, जिससे समाज में असहिष्णुता बढ़ रही है। सांस्कृतिक-राजनीतिक विभाजन और गहरे हो रहे हैं। एसएसआरसी के इस रिसर्च में अमेरिका, यूरोप, भारत, ब्राजील और दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़े डाटा का विश्लेषण किया गया। रिसेट की रिपोर्ट के अनुसार, चुनावी वर्षों और बड़े राजनीतिक आंदोलनों के दौरान ईको चैंबर का प्रभाव सबसे ज्यादा दिखता है।

ध्रुवीकरण की बढ़ती स्थिति ने लोकतांत्रिक संवाद के सामने खड़ी की चुनौती

परस्पर बातचीत की शैली में बढ़ती कटुता से सहिष्णुता व सद्भाव में आ रही गिरावट

- रिसर्च में अमेरिका, यूरोप, भारत और ब्राजील से जुड़े डाटा का किया गया है विश्लेषण
- चुनावी वर्षों और राजनीतिक आंदोलनों के दौरान दिखता है सबसे ज्यादा प्रभाव

18 से 30 आयु वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित, क्योंकि यह उनका प्रमुख स्रोत

- अपने विरोधियों से संवाद के बजाय ब्लॉक या अनफॉलो करने की बढ़ रही प्रवृत्ति
- फेक न्यूज और नफरत फैलाने वाले कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए काम करता है सिस्टम

धार्मिक बहसों में आक्रामकता अधिक

नए रिसर्च में वैश्विक स्तर पर जो प्रमुख निष्कर्ष निकल कर आए हैं, उनमें राजनीतिक ध्रुवीकरण सबसे ज्यादा है। लोग अपने विरोधियों से बातचीत करने के बजाय उन्हें ब्लॉक या अनफॉलो करना ज्यादा पसंद करते हैं। इसी तरह अगर सांस्कृतिक पक्ष को देखा जाए तो धार्मिक और जातीय बहसें अब पहले से कहीं ज्यादा आक्रामक हो गई हैं। 18 से 30 आयु वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं क्योंकि उसकी खबरों का प्रमुख स्रोत सोशल मीडिया है।

लेह में जारी रहा कर्फ्यू स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण

LEH : लेह शहर में गुरुवार को भी कर्फ्यू जारी रहा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का सख्ती से पालन किया गया, जिससे शहर में स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही। बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई झड़प में चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी और 40 अन्य घायल हो गए थे। इस झड़प में अनियंत्रित भीड़ ने वाहनों में आग लगा दी थी, स्थानीय भाजपा कार्यालय को जला दिया था और हिल काउंसिल के कार्यालय को आंशिक रूप से तहस-नहस कर दिया था। कांग्रेस नेता और पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग के खिलाफ भूख हड़ताल स्थल पर कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज किया गया। गृह मंत्रालय ने हिंसा भड़काने के लिए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित भूख हड़ताल करने वालों को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा कार्यालय, लेह हिल काउंसिल कार्यालय और सीआरपीएफ जिप्सी को एक अनियंत्रित भीड़ ने आग लगा दी और पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे।

BRIEF NEWS

नशे में धुत युवक ने जूस बेचने वाले पर चलाई गोली

RAMGARH : रामगढ़ शहर के अनुमंडल कार्यालय के पास गुरुवार को दिनदहाड़े नशे में धुत्त एक युवक ने जूस बेचने वाले व्यक्ति पर गोली चला दी। जूस बेच रहे व्यक्ति की किस्मत अच्छी थी की गोली उसे छूकर निकल गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही वहां अफरा तफरी मच गई। पेट्रोलिंग के दौरान पैंथर जवानों ने नशे में धुत्त उस युवक को पकड़ा और थाने ले आए। उस युवक की पहचान बरकाकाना ओपी क्षेत्र के घुटुवा निवासी धीरज कुमार उर्फ मोदी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि गोली चलाने वाला युवक नशे में था। जूस बेचने वाले से उसने जूस मांगा । इस दौरान हुई देरी की वजह से उसने अपना आपा खो दिया। इस घटना की सच्चाई तब सामने आएगी जब इलाज करा कर जूस बेचने वाला व्यक्ति थाने आएगा। पुलिस धीरज कुमार उर्फ मोदी का कुंडली खंगाल रही है।

नवजात की मौत पर अस्पताल में हंगामा

DHANBAD : बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मेमको मोड़ स्थित श्रीराम अस्पताल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा कर स्थानीय लोगों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया है। इसके बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को शांत करा कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मरीज के परिजन गुलाम अंसारी ने बताया कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के ही सुसनीलेवा के रहने वाले सुलेमान अंसारी की पत्नी रेशमा खातून को प्रसव के लिए गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डिलीवरी के बाद एक बच्ची का जन्म हुआ। प्रसूति भी स्वस्थ थी। तभी अचानक अस्पताल के कर्मचारियों ने आकर उन्हें मृत बच्ची सौंप दिया। परिजनों ने जब बच्ची की मौत का कारण जानने के लिए बच्ची को गौर से देखा तो मृत बच्ची के सिर पर चोट के गहरे निशान थे। इसके बाद मृत बच्ची के परिजन शव को लेकर अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर और नर्स पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के वक्त बच्ची को डॉक्टरों ने जमीन पर गिरा दिया, इससे नवजात बच्ची की मौत हो गई। वहीं, घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और मामले की जांच में जुट गई है।

एंबुलेंस से बरामद हुआ 43 किलो डोडा का चूरा

HAZARIBAG : चौपारण थाना की पुलिस ने गुरुवार को एंबुलेंस से 43.650 किलो डोडा का चूरा बरामद किया है। इसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। बताया जाता है कि गुप्त सूचना पर चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा चेकनाका में पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बिहार की ओर से आ रही मारुति वैन एंबुलेंस को रोकने का प्रयास किया गया, तो पुलिस को देखते ही चालक एंबुलेंस छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन वह फरार हो गया। एंबुलेंस की तलाशी लेने पर अगले हिस्से और पिछली केबिन में थैलों में भरा डोडा चूरा छिपाकर रखा गया था।

एक साथ पांच लोगों की हत्या करने वाले चुन्नू मांझी को फांसी की सजा

2019 के मामले में चांडिल अनुमंडल कोर्ट ने सुनाया फैसला

PHOTON NEWS SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल कोर्ट में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिन्द्र नाथ सिन्हा की अदालत ने गुरुवार को पांच लोगों की हत्या के मामले में सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस घटना में दोषी करार दिए गए अभियुक्त चुन्नू मांझी उर्फ पुतस मांझी को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने फांसी की सजा के साथ उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना और धारा-427 में दो साल कैद की सजा भी दी है।

प्रतीकात्मक तस्वीर

23 फरवरी 2019 को तड़के करीब चार बजे चुन्नू मांझी हाथ में कुल्हाड़ी लेकर घर पहुंचा और अपने रिश्तेदार रवि मांझी, उसकी पत्नी कल्पना उर्फ पावों और उसके तीन बच्चों - जितेंद्र, सुरेश और पुरेश की निर्मम हत्या कर दी थी। वारदात के बाद उसने वादी और उसकी मां पर हमला किया तथा घर और बाइक को आग के हवाले कर दिया था। इसी मामले में यह सजा सुनाई गई है। यह मामला सिद्धू सोरेन (भाई) के बयान पर दर्ज हुआ था। पुलिस ने चुन्नु मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेजा और एफएसएल की रिपोर्ट सहित आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन की ओर से प्रभारी अपर लोक अभियोजक हर्षवर्धन ने इस जघन्य हत्याकांड को दुर्लभ प्रकृति का बताते हुए फांसी की सजा की मांग की। मामले में कुल 11 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। कपाली ओपी ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को सबूत के तौर पर पेश किया।

नागाडीह मॉब लिंचिंग मामले में 5 दोषी करार सजा के बिंदु पर 8 अक्टूबर को होगी सुनवाई

JAMSHEDPUR : बागबेड़ा के नागाडीह गांव में 18 मई 2017 को मॉब लिंचिंग के दौरान हुई 4 लोगों की हत्या के मामले में गुरुवार को घटना के पांच आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। मामले में सजा के बिंदु पर 8 अक्टूबर को प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमलेश सहाय सुनवाई करेंगे। कोर्ट की ओर से मामले मे पूर्व मुखिया राजाराम हांसदा, रेंगो पूर्ति, गोपाल हांसदा, सुनील सरदार और तारा मंडल को दोषी करार दिया गया है। इसके अलावा बाकी के सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। राजाराम हांसदा की बात करें तो वे घटना के तीसरे दिन से ही जेल में हैं। गरीबी और आर्थिक तंगी के कारण परिवार के सदस्यों और दोस्तों ने जमानत लेना भी मुनासिब नहीं समझा था। राजाराम को घटना का मुख्य आरोपी बनाया गया था। आरोप लगाया गया था कि गांव वालों की तरफ से सबसे पहले वे ही टांगी लेकर हमला करने के लिए दौड़े थे। नागाडीह हत्याकांड में 27 नामजद और 300 अज्ञात के खिलाफ बागबेड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के समय बागबेड़ा के थाना प्रभारी आमिश हुसैन थे और विधि-व्यवस्था डीएसपी बिमल कुमार थे। नागाडीह की घटना में जुगसलाई नया बाजार के दो भाई गौतम वर्मा, विकास वर्मा, रामसखी देवी (76) और बागबेड़ा गाराबासा का दोस्त गंगेश गुप्ता शामिल है। घटना के संबंध में उत्तम वर्मा के बयान पर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। मामला सुर्खियों में आने के बाद थानेदार इंसपेक्टर आमिश हुसैन को सस्पेंड कर दिया गया था। इसके बाद नया थाना प्रभारी के रूप में राकेश रंजन को बागबेड़ा थाने में पदस्थापित किया गया था।

सीसीएल के गार्डों से भिड़े कोयला चुनने वाले ग्रामीण

अस्पताल में इलाजरत सुरक्षाकर्मी

● फोटोन न्यूज

RAMGARH : रामगढ़ जिले के रजरप्पा क्षेत्र में सीसीएल के सुरक्षाकर्मी और कोयला चुनने वाले लोगों के बीच एक बार फिर भिड़ंत हुई है। इस पथराव में दो सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए हैं। गुरुवार को कोयला चुनने गई कुछ महिलाएं और युवकों को सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा। उनसे कोयला छीना और इस दौरान कुछ लोगों के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद कोयला चुनने वाले ग्रामीण भी उग्र हो गए। उन लोगों ने भी पथराव करना शुरू कर दिया। इस पथराव में सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी आशीष झा के सिर पर चोट लगी। इसके अलावा अन्य कर्मचारी को भी चोटे आई हैं। घायल सुरक्षा अधिकारी आशीष झा एवं उनके साथी का इलाज सीसीएल हॉस्पिटल रजरप्पा में कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही रजरप्पा पुलिस मौके पर पहुंची। उन लोगों ने सीसीएल के सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षित कर ग्रामीणों को खदेड़ा। सीसीएल के सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा आवेदन देने के बाद पुलिस आगे कार्रवाई करेगी।

राहुल दुबे गैंग के तीन अपराधी गिरफ्तार दो पिस्टल व सात गोलियां बरामद

कोठार स्थित एक होटल से अरेस्ट किए गए सभी अपराधी

AGENCY RAMGARH : जिले के भुरकुंडा क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले राहुल दुबे गैंग के तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से दो पिस्टल, सात गोली और तीन मोबाइल बरामद हुआ है। यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रांची रोड, मरार, मिश्रा टोला निवासी तुषार मिश्रा उर्फ सौम्या मिश्रा उर्फ मिश्रा, धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा जमुआ निवासी मंगलेश कुमार उर्फ मंगलेश और हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत महुगाई कला गांव निवासी मुकेश कुमार उर्फ मुकु शामिल है।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसपी अजय कुमार

होटल में योजना बनाते धरे गए अपराधी

एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए रामगढ़ के कोठार स्थित एक होटल में रुके हुए हैं। तत्काल पुलिस ने वहां छापेमारी की तो तुषार, मंगलेश और मुकेश की गिरफ्तारी हो गई। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ की गई दोनों घटनाओं में इस्तेमाल किए गए पिस्टल बरामद हुआ। इसके अलावा सात जिंदा गोली, एक पिस्तौल का मैगजीन भी पुलिस को मिला।

सेंट्रल साउंड व आरए माइनिंग साइट पर चलाई थी गोली

एसपी ने बताया कि राहुल दुबे गैंग के इन शातिर अपराधियों ने 18 अगस्त और 29 अगस्त को दो अलग-अलग स्थानों पर गोली चलाई थी। भुरकुंडा स्थित आरए मीनिंग के साइट पर रंगदारी मांगने और दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की। इसके बाद सेंट्रल सौंदा भुरकुंडा सीसीएल रेलवे साइडिंग स्थित पप्पू जैन के साइट पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना के बाद पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एसआईटी बनाई गई।

कुजू के महुआ टुंगरी में भी गोली चलाने वाले थे अपराधी

एसपी अजय कुमार ने बताया कि राहुल दुबे गैंग के सभी अपराधी कुजू ओपी क्षेत्र के महुआ टुंगरी में भी फायरिंग करने की योजना बना रहे थे। वे लोग व्यापारियों, ठेकेदारों और काम करने वाले लोगों को फोन कर धमकाते थे और रंगदारी वसूलते थे। उन लोगों को राहुल दुबे से सीधे निर्देश मिलता था। यहां तक कि किस व्यक्ति को कब फोन करना है, यह सारे निर्देश राहुल दुबे ही उन्हें देता था। एसपी ने बताया कि छापेमारी दल में शामिल सभी पदाधिकारी और जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्हें अवार्ड भी मिलेगा। छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पतरातू इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, भदानी नगर ओपी प्रभारी अख्तर अली आदि शामिल थे।

झारखंड में 41 केवीए से ज्यादा के डीजी सेट में प्रदूषण नियंत्रण यंत्र अनिवार्य

छह माह की दी गई मोहलत, इसके बाद सीधे होगी जुर्माने व जब्ती की सख्त कार्रवाई

PHOTON NEWS DHANBAD : झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (जीएसपीसीबी) ने राज्य में चल रहे डीजल जेनरेटर (डीजी) सेट के लिए अहम नियम बनाया है। इसके तहत 41 केवीए से 1000 केवीए तक की क्षमता वाले डीजी सेट में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण (इमिशन कंट्रोल डिवाइस) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह निर्देश नए और पुराने, सभी तरह के जेनरेटर सेट के लिए है। पहले से लगे जेनरेटर सेट को भी नियम का पालन करना होगा। ऐसा नहीं है कि पहली बार इस तरह का नियम जारी किया गया है। इससे पहले 01 फरवरी 2022 में भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रेट्रो-फिट इमिशन कंट्रोल डिवाइस (आरईसीडी) के लिए दिशा-निर्देश जारी किया था। इसे 24 जुलाई 2023 को संशोधित भी किया गया था। इसका उद्देश्य डीजल जेनरेटर से निकलने वाले धूल व धुएं सहित अन्य हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करना है। बोर्ड ने सभी संस्थानों-प्रतिष्ठानों को छह माह की मोहलत दी है। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि छह माह के बाद बिना प्रदूषण नियंत्रण यंत्र वाले जेनरेटर को जब्त किया जाएगा और इसके मालिक पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय के अनुसार, धनबाद में 130 से अधिक जेनरेटर सेट नए नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। क्षेत्रीय पदाधिकारी के अनुसार, सभी जेनरेटर मालिकों की सूची तैयार की जा रही है, उन्हें पहले नोटिस भेजकर आगाह किया जाएगा।

20 वर्ष पुराने जेनरेटर पर प्रतिबंध

- प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अनुसार, जुलाई 2004 से पहले निर्मित या स्टेज-1 व स्टेज-2 मानकों का पालन न करने वाले सभी जेनरेटर सेट किसी भी परिस्थिति में चलने नहीं दिए जाएंगे। इन्हें तत्काल नष्ट करना होगा। 20 वर्ष पुराने जेनरेटर की खरी-बिक्री पर भी प्रतिबंध है।
- 800 किलोवाट (1000 केवीए) तक के जेनरेटर सेट में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से अनुमोदित उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण ही लगाना है।
- 800 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले डीजी सेट में कम से कम 70 प्रतिशत उत्सर्जन (कार्बन मोनोआक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर एवं हाइड्रोकार्बन) की कमी सुनिश्चित करनी होगी।
- उपकरणों का परीक्षण आईएसओ मानक के अनुसार केवल सीपीसीबी मान्यता प्राप्त एजेंसियों से ही कराना है।
- गैस आधारित जेनरेटर को बढ़ावा देने के लिए आंशिक गैस उपयोग या नए गैस आधारित जेनरेटर लगाने पर जोर दिया गया है।

> सभी संस्थानों, उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों को आदेश जारी होने की तारीख से छह माह के अंदर इस पर अनुपालन करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वायु (प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण) अधिनियम-1981 एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1986 की धाराओं के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> – राजीव लोचन बख्शी
> सदस्य सचिव, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

हजारीबाग में हुई डकैती के सभी अपराधी गिरफ्तार

HAZARIBAG : हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में 13 सितंबर को हुई 80 लाख की डकैती के सभी नौ अपराधी गिरफ्तार का लिए गए। इनके पास से पुलिस ने लूटे गए सभी गहने भी बरामद कर लिए। यहां बता दें कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बभनी में अनंदिता मल्लिक के घर में रात को घुसकर जान मारने की धमकी देते हुए अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। टीम कांड के अनुसंधान में जुटी थी। इसी बीच एसपी को गुप्त सूचना मिली कि हत्यारी जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौजूद हैं। इस सूचना पर डकैती कांड के मुख्य अभियुक्त रणवीर कुमार सिंह उर्फ छोटु उर्फ जोकर, सन्नी कुमार गुप्ता, राहुल कुमार यादव और विपुल कुमार सिंह उर्फ सुशील कुमार को हत्यारी जंगल से गिरफ्तार किया गया। इनसे लूटे गए जेवरात व एक पिस्टल बरामद किया गया। रणवीर कुमार सिंह की निशानदेही पर कांड के अन्य अभियुक्त राजेश कुमार यादव, सुरेंद्र उरांव, विपिन कुमार सिंह, रवि राय और दिनेश कुमार यादव उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया गया तथा कांड में लूटे गए शेष जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई।

प्रधानाचार्य ने छात्राओं से की अभद्र बात, हुआ खूब हंगामा

AGENCY DHANBAD : गोविंदपुर थाना क्षेत्र बरवा पूर्व स्थित पीएम श्रीमहेंद्र +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा पर विद्यालय की ही छात्राओं ने अश्लील टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को विद्यालय के मुख्य गेट पर हंगामा करते हुए प्रधानाचार्य को निलंबित करने की मांग की है।

स्कूल परिसर में हंगामा करतीं छात्राएं

विद्यालय गेट पर हंगामा कर रही छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा चल रही है। वहीं विद्यालय में परीक्षा के दौरान बैठने के लिए बेंच वगैरह नही होने पर छात्राओं ने विद्यालय के प्रधानाचार्य से परीक्षा के समय बैठने के लिए बेंच टेबल की मांग की, ताकि वह परीक्षा दे सके। लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्राओं को अश्लील तरीके से उन्हें अपनी गोदी में बैठाने की बात कही। अपने ही विद्यालय के प्रधानचार्य की ओर से छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने से नाराज विद्यालय की छात्राएं विद्यालय के मुख्य द्वार पर बैठ कर जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग से विद्यालय के प्रधानचार्य के निलंबन की मांग करने लगे। इसके बाद मौके पर छात्राओं के परिजन भी पहुंच गए और छात्राओं के साथ हंगामा करने लगे। माहौल बिगड़ता देख गोविंदपुर थाना सूचना पाकर मौके पर पहुंची और छात्राओं एवं उनके परिजनों को शांत कराया। साथ ही मामले की जांच के बाद प्रधानाचार्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं इस संबंध में धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मामले की जानकारी नही होने की बात कही।

धर्म-अध्यात्म झारखंड-बिहार की सीमा पर हंटरगंज प्रखंड स्थित कोल्हुआ पर्वत पर विराजमान है माता का मंदिर

कुल और कोख की रक्षा करती हैं मां कौलेश्वरी, देश-विदेश से आते हैं श्रद्धालु

PHOTON NEWS CHATRA : झारखंड और बिहार राज्य के सीमा पर स्थित हंटरगंज प्रखंड का कोल्हुआ पर्वत जिसे कौलेश्वरी भी कहा जाता है, यह तीन धर्मों का संगम स्थली है। नवरात्र में कोल्हुआ पर्वत देश-विदेश के श्रद्धालु पहुंचते हैं। संतान प्राप्ति की कामना को लेकर नवरात्र में यहां लाखों की भीड़ उमड़ती है। यह पर्वत रामायण और महाभारत काल से जुड़ा हुआ है।

1755 फीट की ऊंचाई पर कोल्हुआ पहाड़ी की चोटी पर माता कौलेश्वरी का एक प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर महाभारत कालीन है। राजा विराट ने पहाड़ी की चोटी पर माता कौलेश्वरी की प्रतिमा स्थापित कराई थी। मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां निवास किया था।


पहाड़ की चोटी पर स्थित सरोवर

मंदिर में विराजमान माता की मूर्ति

पांडवों ने भी की थी मां कौलेश्वरी की आराधना

द्रौपदी के संग पांडवों ने माता कौलेश्वरी की आराधना की थी। माता के इस स्वरूप का दुर्गा सप्तशती में भी वर्णन है। पुराणों में वर्णित राजा सूरथ ने भी यहां तपस्या की थी। पहाड़ी की चोटी पर भी आकाश लोचन और भीम गुफा कई रहस्यों और मान्यताओं से भरा पड़ी है। जैन धर्म के लिए भी यह स्थल पूजनीय है।

महाभारत काल में यह स्थल राजा विराट की राजधानी थी। यह स्थल झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड से 15 किलोमीटर दूर कोल्हुआ पहाड़ पर है। यह झारखंड का चर्चित पर्यटन स्थल है। इसके विकास को लेकर राज्य सरकार ने रोडमैप तैयार किया है। यहां रोप वे सहित कई योजनाएं प्रस्तावित हैं।

बच्चों की नजर सीधी करने के लिए पहुंचते हैं भक्त

शारदीय नवरात्र में मां के दर्शन व पूजन के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी लोग पहुंचते हैं। संतान प्राप्ति की कामना को लेकर यहां साल भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। खासकर बच्चों की नजर सीधी करने के लिए भीड़ लगी रहती है। मान्यता है कि मां कौलेश्वरी कुल और कोख की रक्षा करती हैं। जिन बच्चों की नजर टेढ़ी हो जाती है वे मां के दर्शन मात्र से ही ठीक हो जाते हैं। आसपास के लोगों में मान्यता है कि माता कुलेश्वरी कुल और संतान की रक्षा करती हैं। यहां एक ही पत्थर को तराश कर मां कौलेश्वरी की एक पांच फीट ऊंची प्रतिमा विराजमान है। चतुर्भुजी शक्ति स्वरूपा हैं। आसपास के लोगों की माता के प्रति अटूट आस्था है। रामायण काल में वनवास के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता ने भी यहां निवास किया था। यह मंदिर मोक्षदायिनी फल्गु जिसे निरंजना भी कहा जाता है आसपास से ही गुजरती है। पहाड़ी की चोटी में एक प्राचीन सरोवर भी है जिसमें साल भर पानी रहता है। कौलेश्वरी मंदिर झारखंड का एक ऐसा धार्मिक तीर्थ स्थल है जिसकी ख्याति आसपास ही नहीं देश-विदेश में भी है। कई देशों के लोग यहां विभिन्न अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। संभवतः झारखंड में यह एक मात्र ऐसा स्थल है। जहां धार्मिक गतिविधियों के लिए सर्वाधिक विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। यह जगह तीन धर्मों की संगम स्थली के रूप में विख्यात है।

रामगढ़ में बच्चे के साथ कुएं में गिरा हाथी, निकाला गया

कुएं में बच्चे के साथ दिख रहा हाथी ● फोटोन न्यूज

RAMGARH : रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में गुरुवार को एक हाथी अपने बच्चे के साथ अर्धनिर्मित कुएं में गिर गया। हेसापोड़ा पंचायत अंतर्गत परसाडीह के जंगल में सुबह हुई घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम रेस्क्यू में जुट गई। विभाग ने पोकलेन मशीन मंगाकर कुएं के एक भाग को ध्वस्त कराया गया, ताकि हाथी व उसके बच्चे को सुरक्षित निकाला जा सके। दूसरी ओर, कुएं में दो हाथी के डूबने की खबर पाकर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गोला थाना की पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मुस्तैद हो गई। काफी देर के बाद दोनों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गोला प्रखंड में बच्चे के साथ हाथी के कुएं में गिरने की घटना दूसरी बार हुई है। 10 वर्ष पहले भी एक हाथी व बच्चा कुएं में डूब गए थे। उन्हें भी वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। इसके बाद दोनों को जंगल की ओर भेज दिया गया। यहां बता दें कि गोला प्रखंड के वन क्षेत्र में फिलहाल एक दर्जन हाथी मंडरा रहे हैं। इनमें से तीन हथिनी ने बच्चे को जन्म दिया है।

पुलिस और सुरक्षा बलों के आक्रामक रुख ने नक्सलियों की तोड़ दी रीढ़

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में जिला पुलिस और सुरक्षा बलों की आक्रामक एक्टिविटी के कारण नक्सली दहशत में हैं। वे या तो एनकाउंटर में मारे जा रहे या सरेंडर कर रहे हैं। धीरे-धीरे अन्य सहित इनामी नक्सलियों की संख्या कम हो रही है और इसका आर्थिक फायदा भी पुलिस को हो रहा है। इस साल 9 महीनों में झारखंड पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को गहरे और गंभीर जख्म दिए हैं। आलम ऐसा है कि कभी 200 की संख्या में इनामी राशि वाले नक्सलियों की संख्या घटकर आज 43 रह गई है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान की दृष्टि से देखें तो सबसे खास रहा इस साल का अप्रैल का महीना, जिसमें सुरक्षा बलों ने एक करोड़ के इनामी नक्सली को ढेर कर दिया। इसके बाद से अब तक पुलिस और नक्सलियों के बीच लगातार मुठभेड़ होती रही। इसमें कई और इनामी नक्सलियों को मार गिराया गया। अब झारखंड पुलिस केंद्रीय बलों की मदद से इन इनामी राशियों से अपना खजाना भर रही है। आलम यह है कि साल 2025 के पहले 9 महीने में ही झारखंड पुलिस को करोड़ों के राजस्व का फायदा हुआ है। इनामी नक्सलियों और अपराधियों के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद यह सब संभव हो पाया है। इस बीच ऑपरेशन के खौफ से कई नक्सलियों ने हथियार डाल दिए और उनकी जान भी बच गई और उन पर रखी इनाम की राशि भी उन्हें मिल गई।

झारखंड में अब 200 से घटकर 43 रह गई है इनामी नक्सलियों की तादाद, अप्रैल तक 61 थे ऐसे नक्सली

इस साल के पिछले 9 महीनों में नक्सलियों को मिले हैं गहरे जख्म, कई ने हथियार डालकर बचाई अपनी जान

- एनकाउंटर में मारे गए कुछ नक्सलियों पर थी 3 करोड़ 11 लाख रुपये की इनाम राशि
- 15 सितंबर को हुई मुठभेड़ में मारा गया एक करोड़ का इनामी नक्सली सहदेव सोरेन
- 25 और 10 लाख के इनामी रघुनाथ हेंब्रम और बिरसेन गंझू भी कर दिए गए ढेर

विवेक और सहदेव जैसे खूंखार नक्सलियों से मुक्त हुआ प्रदेश

साल 2025 के अप्रैल महीने तक तो 61 इनामी थे, लेकिन अब मात्र 43 ही बचे हैं। झारखंड पुलिस के द्वारा तबाड़तोड़ कार्रवाई की वजह से इनामी नक्सलियों की संख्या में भारी कमी आई है। इनामी नक्सलियों को एनकाउंटर में मारकर पुलिस अपना खजाना भर रही है। इस साल के मात्र दो एनकाउंटर में ही पुलिस ने दो करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया। अप्रैल 2025 में एक करोड़ के इनामी विवेक और फिर सितंबर माह में एक करोड़ के इनामी सहदेव सोरेन को एनकाउंटर में मार गिराया। इससे दो करोड़ की इनाम की राशि झारखंड और केंद्रीय बलों के जवानों के नाम हो गई। झारखंड पुलिस द्वारा साल 2025 में 29 नक्सलियों का एनकाउंटर किया गया है। एनकाउंटर में मारे गए इनामी नक्सलियों कि कुल इनाम की राशि 3 करोड़ 11 लाख रुपये होती है।

सुनियोजित तरीके से अभियान को दिया गया अंजाम

हजारीबाग जिले के गोहरर थाना क्षेत्र में 15 सितंबर को हुई मुठभेड़ में एक करोड़ इनामी नक्सली सहदेव सोरेन मारा गया। इसके साथ 25 लाख इनामी रघुनाथ हेंब्रम और 10 लाख इनामी बिरसेन गंझू मारे गए। पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोइलकेरा में 08 सितंबर को हुई मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा उर्फ अपटन ढेर हो गया। 05 अगस्त को गुमला में पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के कमांडर 15 लाख का इनामी उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा सहित दो को मार गिराये गये। बोकारो में 16 जुलाई को सुरक्षा बलों ने 25 लाख के इनामी कुंवर मांझी सहित दो नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया।

सरेंडर करें, नहीं तो मारे जाएंगे : डीजीपी

झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड में जोरदार अभियान जारी है, सभी फरार नक्सलियों को टारगेट किया जा रहा है। नक्सलियों को यह संदेश भी दिया गया है कि वह आत्मसमर्पण करें नहीं तो पुलिस के साथ अगर मुठभेड़ होगी तो उनका मारा जाना तय है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि हमारा ज्यादा फोकस अब सारंडा में छुपे तीन एक एक करोड़ के इनामी नक्सलियों पर है। हम उन्हें टारगेट कर रहे हैं, क्योंकि अगर वे पकड़े जाते हैं तो पूरे नक्सली संगठन का मनोबल ही टूट जाएगा। झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ कई मोर्चे पर लड़ाई लड़ रही है। एक तो जंगलों और बीहड़ों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है। वहीं दूसरी तरफ नक्सलियों के खिलाफ साई आप्स भी चलाया जा रहा है। साई आप्स के तहत इनामी नक्सलियों के पोस्टर नक्सल प्रभावित इलाकों में लगाये गए हैं। इन पोस्टर्स में नक्सलियों की तस्वीर, उनके ऊपर घोषित इनाम की राशि

और पुलिस अफसरों के मोबाइल नंबर दिया गया है। पोस्टर देखकर पहचान कर नक्सलियों की खबर पुलिस तक पहुंचाने वालों को नक्सलियो के ऊपर घोषित इनाम की राशि दी जाएगी। नक्सलियों का पता बताने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी। इसका जोरदार प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

SHARE

सेंसेक्स	:	81,137.35
निफ्टी	:	24,885.05

SARAFA

सोना	:	10,650
चांदी	:	150.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

भैरव सिंह को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

RANCHI : गुरुवार को हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा। भैरव सिंह की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई के बाद उसने अपनी याचिका वापस ले ली है। भैरव सिंह ने हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाते हुए जमानत याचिका दायर की थी। लेकिन हाईकोर्ट का रूख देखते हुए उसने अपनी याचिका वापस ले ली।

राजगंज थाना प्रभारी के खिलाफ याचिका दायर

RANCHI : जामताड़ा के रहने वाले रामचंद्र महतो ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर धनबाद जिला के राजगंज थाना प्रभारी अलीशा कुमारी को पद से हटाने और आरक्षण का गलत लाभ लेने के लिए बर्खास्त करने की मांग की है। इससे पहले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने अलीशा कुमारी के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने का आदेश जारी किया था।

जांच की गुणवत्ता सुधारने पर अधिकारियों ने दिया जोर

राज्य स्तरीय कार्यशाला में झारखंड को मलेरिया मुक्त बनाने की रणनीति

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड को 2030 तक मलेरिया से पूरी तरह मुक्त करने के उद्देश्य से रांची में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड और टीसीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की गई। जिसमें मलेरिया से बचाव, रोकथाम और उन्मूलन की दिशा में विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के नेतृत्व में वर्ष 2030 तक राज्य को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रैक, टेस्ट और ट्रीट की रणनीति का सख्ती से पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है जब जमीनी स्तर पर कार्य हो और समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

इस साल राज्य में मलेरिया के अब तक 22 हजार मामले आए सामने

8 राज्यों के प्रतिभागी हुए शामिल

डॉ. कल्पना बरुआ एनसीवीबीडीसी भारत सरकार ने झारखंड में मलेरिया उन्मूलन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके कार्यों के प्रति उत्साहवर्धन किया। वर्चुअल माध्यम से जुड़ीं डॉ. रिंकू शर्मा, संयुक्त निदेशक एनसीवीबीडीसी ने मलेरिया जांच की गुणवत्ता सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में 8 राज्यों बिहार, झारखंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से आए 31 अधिकारी शामिल हुए। इन अधिकारियों को मलेरिया उन्मूलन की रणनीतियों पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में डॉ. मुनिस चंद्र, डॉ. रमेश धीमन, सुश्री नमिता मेहता, डॉ. महेश कौशिक और डॉ. दिनकर समेत कई विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

पिछले साल की तुलना में 50% कम मामले

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 2025 में झारखंड में लगभग 22 हजार मलेरिया के मामले सामने आए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत कम हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित कीटनाशक छिड़काव, बुखार के मरीजों की समय पर जांच और उपचार जैसे उपायों के कारण यह सफलता मिली है। वहीं डब्ल्यूएचओ के वेक्टर बॉर्न डिजीज आफिसर डॉ. अभिषेक पॉल ने कहा कि मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट कर और समय पर उपचार देकर मलेरिया के मामलों में भारी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि समय पर निदान और जागरूकता से असमय मौतों को रोका जा सकता है।

700 गाड़ियों की पार्किंग के साथ खाने और मनोरंजन का होगा इंतजाम

राजधानी के सैनिक बाजार में बनेगा ट्विन टावर, मॉल में मिलेंगी सुविधाएं

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची की हृदयस्थली में स्थित सैनिक बाजार अब नए रूप में नजर आएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकसित शहरीकरण के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए नगर विकास विभाग ने यहां वृहद मॉल निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। इस परियोजना का डिजाइन प्रेजेंटेशन गुरुवार को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार की अध्यक्षता में दिया गया। परामर्शी संस्था मास एंड वायड द्वारा तैयार किए गए प्रारंभिक डिजाइन में कुल 60,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्माण प्रस्तावित है।

परियोजना का मुख्य आकर्षण 11 मंजिला ट्विन टावर होगा। जिसमें ऑफिस स्पेस और शो रूम की सुविधा होगी। कुल 9 लाख वर्ग फीट में बनने वाले इस मॉल सह ऑफिस काम्प्लेक्स का बिल्ट-अप एरिया 6 लाख वर्ग फीट होगा, जिसमें 700 से अधिक वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था दो बेसमेंट में की जाएगी। प्रेजेंटेशन के दौरान जुडको के पीडीटी विनय कुमार राय और पीडीएफ सह एडमिन अमित कुमार चक्रवर्ती उपस्थित थे। इस प्रोजेक्ट को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर विकसित किया जाएगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एक बंद घर में अचानक लग गई आग

जलकर राख हुआ गरीब परिवार का हर सपना, जमीन के कागजात भी नहीं बचे

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एक घर में गुरुवार को अचानक आग लग गई। इस आगलगी में एक गरीब परिवार का हर सपना जलकर राख हो गया। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन घर मालिक का सब कुछ स्वाहा हो गया। आग लगने की वजह से आसपास के मकान वाले भी दहशत में आ गए। आग बुझाने के लिए लोग अपनी छतों पर से ही पानी फेंकना शुरू कर दिया। कुछ ने तो अपने टंकी खोल दी। लेकिन ये सारी कोशिशें बेकार साबित हुईं। जब तक फायर

ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचती, घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। जिस घर में आग लगी उसमें पति-पत्नी उषा देवी और उज्वल साहू अपने बच्चों के साथ किरायेदार के तौर पर रहा करते थे। सुबह के समय उषा देवी अपने काम पर चली गई थी। जबकि उनके पति उज्वल भी बच्चों को स्कूल भेज कर अपर बाजार स्थित दुकान पर काम करने के लिए चले गए थे। उषा देवी ने बताया कि लगभग ढाई लाख का सामान तो जल ही गया, साथ ही साथ घर में रखे जमीन के कागजात भी जल गए।

नई पहल — ग्रामीण समाज को जागरूक बनाने के लिए कारगर स्कीम

पंचायत ज्ञान केंद्रों के माध्यम से दी जा रही योजनाओं की जानकारी

PHOTON NEWS RANCHI : हेमंत सरकार ने ग्रामीण इलाकों में शिक्षा और जनहित की योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक नई और महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। इस योजना के अंतर्गत इस साल राज्य की 999 पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए लगभग 45 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल ग्रामीण समाज को सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिलेगी, बल्कि शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक ठोस आधार तैयार होगा। पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पंचायत ज्ञान केंद्र स्थापित करने की योजना 2022-23 में प्रारंभ हुई थी। पहले चरण में 500 पंचायतों में केंद्र स्थापित किए गए। इसके बाद 2023-24 में 1000 पंचायतों में, 2024-25 में 998 पंचायतों में और 2025-26 में 999 पंचायतों में इन केंद्रों की स्थापना की जा रही है। अंतिम चरण 2026-27 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद राज्य के प्रत्येक पंचायत में एक पंचायत ज्ञान केंद्र होगा। यह योजना धीरे-धीरे पूरे राज्य को डिजिटल और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है।

गांव के लोगों को इन केंद्रों के माध्यम से शिक्षित बनाने की भी है योजना

सरकार ने इस साल योजना के लिए 45 करोड़ रुपये का बजट किया तय

- वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश की 999 पंचायतों में स्थापित किए जा रहे ये केंद्र
- आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक ठोस आधार तैयार करना है स्कीम का लक्ष्य

योजनाओं का लाभ उठाने में आसानी

पंचायत ज्ञान केंद्रों का सबसे बड़ा उद्देश्य ग्रामीण समाज में पठन-पाठन और स्व-शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह केंद्र न केवल शिक्षा और ई-लर्निंग का माध्यम बनेंगे, बल्कि सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के भी केंद्र होंगे। यहां से सरकारी योजनाओं की सही और समय पर जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे ग्रामीण जनता को लाभ उठाने में आसानी होगी। आज की पीढ़ी डिजिटल शिक्षा की ओर बढ़ रही है। लेकिन, गांवों में इंटरनेट, किताबें और संसाधनों की कमी के कारण यह सुविधा सीमित है।

केंद्र के संचालन की व्यवस्था

केंद्रों के संचालन के लिए पंचायत स्तर पर पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति गठित की जाएगी। इसमें पंचायत मुखिया, पंचायत सेवक, सेवानिवृत्त शिक्षक, महिला संगठन की प्रतिनिधि, युवा और स्थानीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल होंगे। एक प्रशिक्षित लाइब्रेरियन की नियुक्ति भी की जाएगी, जो पुस्तकालय और डिजिटल संसाधनों का संचालन संभालेगा। राज्य स्तर पर भी पुस्तक दान अभियान चलाया जाएगा, ताकि केंद्रों में पुस्तकों की कमी न हो और लगातार उनका विस्तार होता रहे। इस प्रकार, स्थानीय समुदाय को भी इस योजना से सीधे जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

एलेविटा मिसेज इंडिया वर्ल्ड 2025 के फाइनल में पहुंची तृप्ति लकड़ा

RANCHI : झारखंड की बेटी तृप्ति कुमारी लकड़ा ने एक बार फिर अपने जज्बे और मेहनत से राज्य का नाम रोशन किया है। उनका चयन एलेविटा मिसिज इंडिया वर्ल्ड 2025 के अंतिम चरण के लिए हुआ है, जिसे मिसेज वर्ल्ड जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का आधिकारिक भारतीय चयन द्वार माना जाता है। अपनी उपलब्धि पर रांची के पिस्?का स्थित अपने आवास पर गुरुवार को मीडिया से बात करते तृप्ति ने कहा कि यह मंच केवल सौंदर्य का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और उद्देश्य का है। वे कहती हैं हर महिला यह महसूस करे कि वह असीमित है। पशु-पक्षियों, विशेषकर कुत्तों के प्रति उनके गहरे लगाव ने उन्हें डर्टी पॉज नामक ब्रांड की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया। यह ब्रांड न सिर्फ पालतू जानवरों के लिए आभूषण और एक्सेसरीज बनाता है, बल्कि सड़क पर रहने वाले कुत्तों के लिए रिफ्लेक्टिव कॉलर भी तैयार करता है, ताकि वे रात के समय सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रह सकें।

NEWS BOX

एसएसपी ने देर रात शहर का किया निरीक्षण

RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची के एसएसपी राकेश रंजन अचानक शहर की विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सड़क पर उतर आए। उनके इस औचक निरीक्षण की खबर किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मी को पहले से नहीं थी। बुधवार की देर रात लगभग एक बजे एसएसपी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने बिरसा चौक, मेन रोड, हरमू बायपास रोड और अरगोड़ा चौक सहित शहर के कई महत्वपूर्ण इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने उनसे वाहनों की चेकिंग और पुलिस बल की तैनाती के बारे में जानकारी ली। साथ ही एसएसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी भी तरह की लापरवाही को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे कितना भी बड़ा हो या उसे किसी भी प्रभावशाली समूह का संरक्षण क्यों न मिला हो, पुलिस को बिना किसी दबाव के उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को बिना किसी दबाव के कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर में सुरक्षा और शांति बनी रहे। उन्होंने बताया कि विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को निरीक्षण किया गया है। आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री से आईजी ने की मुलाकात

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईजी, बोकारो सुनील भास्कर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

लाइब्रेरी भवन का जल्द पूरा होगा जीर्णोद्धार

RANCHI : आईएएस वाइव्स एसोसिएशन के प्रयासों से बेड़ो प्रखंड में लाइब्रेरी खोलने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। गुरुवार को जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम ने टीम के साथ पुराना प्रखंड भवन का निरीक्षण किया, जहां जीर्णोद्धार कार्य अंतिम चरण में है। पुराने प्रखंड भवन में ही पुस्तकालय, वाचनालय एवं शौचालय का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम ने बताया कि इस पुस्तकालय से आम लोगों को बेहतर अध्ययन सुविधा मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में बेड़ो प्रखंड की नई पहचान बनेगी। छोटे बच्चों के बैठकर पढ़ने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। लाइब्रेरी भवन के समीप ही प्रज्ञा केंद्र है, जहां ग्रामीण अपनी आवश्यक सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता संजीत कुमार और संवेदक टाइगरस इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर केदार गोप भी मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

RANCHI : राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर झारखंड की राजनीति गरमा गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले में न केवल सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है, बल्कि एंटी करप्शन ब्यूरो ने भी जांच को कमजोर करने का काम किया। बाबूलाल ने कहा कि निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे, पूर्व आईएएस अमित प्रकाश, जेएसबीसीएल के पदाधिकारी सुधीर कुमार दास समेत छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी और नकली होलोग्राम सप्लाई करने वाले विधू गुप्ता जैसे बड़े नाम इस घोटाले में शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसीबी ने 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिसके कारण सभी मुख्य आरोपी आसानी से जमानत पर छूट गए। उन्होंने कहा कि ये किसी साजिश से कम नहीं है। बाबूलाल ने हाल ही में एसीबी में हुए तबादलों को भी संदिग्ध बताया और सवाल उठाया कि आखिर किसके इशारे पर अधिकारियों को पहले नियुक्त किया गया और फिर अचानक हटा दिया गया। साथ ही मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। साथ ही, एसीबी के उन अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए, जिन्होंने चार्जशीट दाखिल करने में देरी की।

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कैंपिंग शुरू

RANCHI : विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रांची जिला प्रशासन और पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यटन जागरूकता अभियान का आयोजन 21 से 27 सितंबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रूरल इमर्शन एंड कल्चरल सेलिब्रेशन प्रोग्राम के तहत कैंपिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और उप-विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने समाहरणालय परिसर से इच्छुक पर्यटकों की बस को हरी झंडी दिखाकर रातू प्रखंड के पाली गांव के लिए रवाना किया। इस मौके पर जिला नजारत उप-समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान न केवल झारखंड की खूबसूरत ग्रामीण और प्राकृतिक धरोहर से पर्यटकों को परिचित कराने का प्रयास है, बल्कि इसे विश्व पटल पर राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का अवसर भी है।

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की हुई बैठक

RANCHI : समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह-अध्यक्ष मंजूनाथ भजन्त्री ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। जेनमें प्रमुख रूप से लंबित योजनाएं जल्द पूरी करना रहा। बैठक में अब तक स्वीकृत और लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने साफ निर्देश दिया कि सभी एजेंसियां समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण काम करें और वित्तीय नियमों का पालन करें। डीएमएफटी की नई गाइडलाइन के अनुसार, रांची जिला में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित पंचायतों और गांवों की सूची की समीक्षा की गई। सर्वसम्मति से तय हुआ कि कुछ नए गांव-पंचायत भी इस सूची में जोड़े जाएंगे।

समाचार सार

एमबीएनएस में घूमर व गरबा की रही धूम

JAMSHEDPUR : पारडीह काली मंदिर के पास आसनबनी स्थित एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में गुरुवार को नवरात्र की खुशी में घूमर व गरबा गाला-2025 का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व छात्रों ने भी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पारंपरिक नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक सिंह (अध्यक्ष) व अनुपा सिंह (निदेशक) ने छात्र-छात्राओं को नवरात्र की बधाई दी। अंत में सभी ने फूड स्टॉल से डोसा, चाट, पापड़ी, दही-वड़ा, चाउमिन आदि का आनंद उठाया।

स्वच्छता अभियान में डीसी ने भी लगाई झाड़ू

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम की जिला जल एवं स्वच्छता समिति के तत्वावधान में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव-2025 अभियान चलाया गया, जिसमें डीसी चंदन कुमार ने भी झाड़ू पकड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत पोस्ट ऑफिस चौक से हुई, जहां सभी ने मोहल्ले व शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। स्वच्छता श्रमदान सदर बाजार क्षेत्र में भी चला। एक दिन-एक घंटा-एक साथ नामक स्वच्छता श्रमदान इस कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, चाईबासा-सदर के अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग समेत अन्य पदाधिकारी, नगर परिषद, सीआरपीएफ, सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

सोना देवी विवि में कंप्यूटर लैब का हुआ उद्घाटन

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. गुलाब सिंह आजाद व परीक्षा नियंत्रक मिथिलेश सिंह भी उपस्थित थे। इस लैब में छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी जैसी तकनीक सीख सकेंगे।

कराइकेला में अज्ञात व्यक्ति की मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराइकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कंसारा गांव में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई, जो कई दिनों से बीमार था और गांव में अलग-अलग घरों में खाना मांगकर गुजारा कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल, चक्रधरपुर भेजा गया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, इसलिए शव को पहचान के लिए विधिक अवधि तक शीतगृह में रखा जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और शव की पहचान का प्रयास जारी है।

स्टेशन परिसर से हटाई गईं अतिक्रमित दुकानें

CHAKRADHARPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के बाहर गुरुवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया, जिसमें ठेल-दुकान हटाए गए। सड़क जाम करने के आरोप में तीन ऑटो भी जब्त किए गए। इसकी निगरानी चक्रधरपुर रेलवे मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त एसी सिन्हा कर रहे थे। सिन्हा ने बताया कि स्टेशन के बाहर अवैध रूप से लगाए गए ठेलों के कारण वहां गंदगी फैल रही थी, जिस पर डीआरएम ने आरपीएफ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि स्टेशन के बाहर का क्षेत्र साफ-सुथरा और व्यवस्थित बना रहे।

मानगो नगर निगम का टेंडर डीसी ने किया रद

JAMSHEDPUR : मानगो नगर निगम द्वारा विभिन्न इलाकों में करोड़ों रुपये की लागत से पेवर्स ब्लॉक लगाने का टेंडर जारी किया गया था, लेकिन निविदा प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही इसमें गड़बड़ी का मामला उजागर हो गया। इसके बाद डीसी कर्ण सत्यार्थी ने इस टेंडर को रद कर दिया है। भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने प्रमाण के साथ उपायुक्त को बताया था कि जेएनएसी क्षेत्र में एम-40 ग्रेड का पेवर्स ब्लॉक 798 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से लग रहा है, जबकि मानगो नगर निगम ने एम-35 ग्रेड की कम ताकत वाली ईंट 890.56 रुपये प्रति वर्गमीटर पर लगाने का टेंडर निकाला था। इससे साफ था कि इस निर्माण कार्य में हेराफेरी होने जा रही थी। एक ही शहर में टेंडर प्रक्रिया में कम गुणवत्ता के रेट वाली ईंट का दाम अच्छी गुणवत्ता वाली ईंट के दाम से अधिक रखा गया था। विकास सिंह ने आरोप लगाया कि सांसद और विधायक मानगो क्षेत्र में नहीं रहते, इसलिए नगर निगम ने जानबूझकर कम गुणवत्ता और महंगे पेवर्स ब्लॉक लगाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इससे करोड़ों के राजस्व का भी नुकसान होता।

सरायकेला में कंटेनर से टकराई कार, चालक की मौत, 5 घायल

टाटा-रांची एनएच पर तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे वाहन को मार दी टक्कर

PHOTON NEWS SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा-रांची राष्ट्रीय उच्च पथ पर गुरुवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। दारुदा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने अपने आगे चल रहे कंटेनर में टक्कर मार दी। इससे कार चालक वाहन के अंदर ही बुरी तरह फंस गया।

पुलिस ने गैस कटर से कार को काटकर चालक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे में कार में सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर में धंसी कार करीब 300 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस और स्थानीय लोगों के प्रयास से सड़क को कुछ घंटों बाद खाली कराया गया। पुलिस ने बताया कि मृत चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने कंटेनर और क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार में फंसा चालक ● फोटोन न्यूज

नदी की तेज धार में बह गया ट्रैक्टर चालक, झाड़ियों में मिला शव

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत कोवाली थाना क्षेत्र में बहने वाली नागा नदी की तेज धार में एक ट्रैक्टर चालक बह गया। गंगाडीह पंचायत अंतर्गत केंदमुड़ी गांव के 60 वर्षीय राजबल्लभ गोप की मौत नदी में डूबने से हो गई। मंगलवार को वह राशन लेने के बाद मछली पकड़ने नदी किनारे पहुंचा था, जहां बारिश के कारण नागा नदी में अचानक तेज बहाव आ गया। इस बहाव में राजबल्लभ संभल नहीं सका और वह तेज धारा में बह गया। गुरुवार को उसका शव घटनास्थल से आधा किलोमीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला। मृतक के भाई प्राण बल्लभ गोप ने बताया कि मंगलवार को राजबल्लभ ट्रैक्टर चलाने के बाद जनवितरण प्रणाली की दुकान से राशन लेकर लौट रहा था। इसी दौरान वह नदी किनारे मछली पकड़ने लगा। लगातार बारिश से नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज धार की चपेट में आने से वह डूब गया। परिजनों ने बुधवार को कोवाली थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने खोजबीन शुरू की और गुरुवार को नदी किनारे झाड़ियों में शव मिला। परिजनों ने शव की पहचान की, जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

भालूबासा में 7 कारतूस के साथ एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

JAMSHEDPUR : सीतारामडेरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करके भालूबासा मुस्लिम बस्ती से शुभम कुमार दुबे उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार किया है। इस बीच उसकी तलाशी के क्रम में जेब से 7 कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस को आशंका है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक मे होगा। घटना के संबंध में सीतारामडेरा थाने में एएसआई राजीव कुमार मंडल के बयान पर अवैध रूप से कारतूस रखने का एक मामला दर्ज किया गया है। आरोपी शुभम भालूबासा के रोड नंबर 4 का रहने वाला है। पुलिस ने शुभम से पूछताछ करने के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार युवक-युवती की घटनास्थल पर हुई मौत

महादेवशाल स्थित सैप कैंप के पास हुई दुर्घटना, दोनों ने नहीं पहना था हेलमेट

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा-मनोहरपुर मार्ग पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक-युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना महादेवशाल स्थित सैप कैंप के पास दोपहर करीब तीन बजे हुई। मृतकों में युवक की पहचान गोइलकेरा के खूंटपाई निवासी 18 वर्षीय पोंडेराम हाईबुरु के रूप में हुई है, जबकि युवती मनोहरपुर प्रखंड के सोनपोखरी की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गोइलकेरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए चक्रधरपुर भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, युवक हीरो ग्लैमर बाइक पर सवार होकर युवती को लेकर डेरावां छोर से गोइलकेरा की ओर आ रहा था। युवती पीछे बैठी थी। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों के सिर में गंभीर चोट लगी। हादसे के बाद आसपास के लोग जुट गए। राहगीरों की भीड़ लग गई। हादसे के कारण मार्ग में यातायात भी बाधित हुआ, जिसे बाद में पुलिस ने चालू कराया। पुलिस ने घटनास्थल पर एक मालवाहक वाहन को खड़ा पाया, जिसका नंबर सीजी04एनडब्ल्यू/6879 है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी मालवाहक वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे दूसरे वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी और भाग निकला। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

घटनास्थल पर पड़े शव ● फोटोन न्यूज

केयू ने 5 लाख तक बढ़ाई प्रोविडेंट फंड लोन की सीमा, शिक्षकों को राहत

JAMSHEDPUR : कोल्हान विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. अंजिला गुप्ता की अध्यक्षता में हुई के सिंडिकेट की बैठक में भविष्य निधि (प्रोविडेंट फंड) के तहत कॉलेजों के प्राचार्यों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए लोन की सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। यह निर्णय आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए लिया गया, क्योंकि लंबे समय से इसकी मांग उठ रही थी। इसके अतिरिक्त, जिन शिक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि रुका हुआ था, उन्हें भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके साथ ही, डेढ़ साल पहले नियुक्त हुए शिक्षकों की सेवाओं को भी स्थायी (कन्फर्म) कर दिया गया है, जिससे उनकी नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

काशीडीह पंडाल का खुला पट

काशीडीह स्थित ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह क्लब द्वारा बनाए गए दुर्गा पूजा के पंडाल का गुरुवार को राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद बिद्युत बरण महतो भी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत भाजपा नेता अभय सिंह ने किया।

कुड़मियों की मांग के विरोध में आदिवासी छात्रों ने किया प्रदर्शन

नारेबाजी करते आदिवासी छात्र संघ के नेता ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : राजस्टेट मैदान से फूलडुंगरी चौक तक आदिवासी छात्र संघ (एसीएस), पूर्वी सिंहभूम के बैनर तले गुरुवार को बाइक रैली के साथ प्रदर्शन किया, जिसमें आदिवासी का दर्जा देने वाली कुड़मियों की मांग का विरोध किया गया। अध्यक्ष अजीत कुमार मुर्मू के नेतृत्व में निकली रैली में संघ के जिला प्रभारी सह जिला कोषाध्यक्ष सुपाई सिंह हांसदा, केंद्रीय उपाध्यक्ष रघुनाथ हांसदा, सुदाम हेम्ब्रम, संजय मुर्मू, दान्दु मांडी, ब्रह्मकिशोर मुर्मू, बाबूजीत हेम्ब्रम, लखन मांडी, कुनाराम हांसदा, इंद्रो मुर्मू, ईश्वर चंद्र मुर्मू, सालखु मार्डी सहित काफी संख्या में छात्राएं भी शामिल थीं। अजीत मुर्मू ने बताया कि कुर्मी, कुड़मी या महतो लोग जिस जाति में हैं, उसी में रहें, आपसी भाईचारा में मतभेद पैदा ना करें, आजादी से पहले एसटी का हवाला देते हैं तो ओबीसी में रहकर अलग कॉलम की मांग करें। इससे उन्हें भी फायदा होगा और आदिवासियों का हक भी सुरक्षित रहेगा।

साकची के बोधि मंदिर मैदान में 14 नवंबर से लगेगा चौथा बाल मेला

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय द्वारा आयोजित चौथा बाल मेला इस बार 14 से 20 नवंबर तक साकची के बोधि मंदिर मैदान में होगा। यह निर्णय सरयू राय द्वारा आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में मेले का संयोजक सुधीर सिंह को बनाने की घोषणा हुई। बैठक के बारे में मंजू सिंह ने बताया कि 14 नवंबर को बाल मेले का उद्घाटन और 20 नवंबर को समापन होगा। बैठक में जदयू विधायक ने कहा कि इस मेले में जमशेदपुर के सभी स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जो भी बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहते हैं, उन्हें गूगल फॉर्म भरना होगा। बहुत जल्द गूगल फॉर्म सभी स्कूलों को भेज दिया जाएगा। दुर्गा पूजा के बाद सभी स्कूलों को निमंत्रण भेजा जाएगा और निजी तौर पर उनसे संपर्क भी साधा जाएगा। मंजू सिंह ने बताया कि मेले में बच्चों के लिए लाभकारी स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा सातों दिन अलग-अलग आयु समूह के बच्चों के लिए खेलकूद, क्विज, योगा, चित्रांकन, निबंध, भाषण, गीत, नृत्य आदि प्रतियोगिता होगी।

दुर्गा पूजा के दौरान बैंकों व ज्वेलरी शॉप के लिए रहेगी विशेष सुरक्षा

लौहनगरी में सुरक्षा व्यवस्था की गई कड़ी, एसएसपी ने जवानों को दिए सख्त निर्देश

PHOTON NEWS JSR : दुर्गा पूजा के मौके पर शहर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने लौहनगरी की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। त्योहार को देखते हुए पुलिस की चप्पे-चप्पे पर चौकसी की गई है। कंट्रोल रूम के जरिए शहर की निगरानी चल रही है। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि त्योहार के दौरान खास तौर से बैंकों, ज्वेलरी शॉप और अपार्टमेंट की विशेष सुरक्षा की जाएगी। इन इलाकों में गश्त बढ़ाने को कहा गया है ताकि, पर्व के दौरान कोई बड़ी आपराधिक घटना नहीं हो। महिला सुरक्षा का भी ध्यान रखा जा रहा है। गुरुवार को साकची स्थित सीसीआर में एसएसपी पीयूष पांडे ने पुलिस अधिकारियों और जवानों की ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि इन दिनों बाजार और पंडालों में भीड़ सबसे ज्यादा रहती है, ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि कोई भी श्रद्धालु या आम नागरिक असुविधा का सामना न करे। एसएसपी ने जवानों को निर्देश दिया कि दिन में कम से कम दो बार पंडालों में जरूर जाएं। अगर कहीं कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु दिखे, तो तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दें। पंडालों के आसपास असामाजिक तत्वों पर भी विशेष नजर रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सभी जवान कंट्रोल रूम से लगातार संपर्क में रहें। गश्ती के लिए उपलब्ध बाइक और हैंडसेट का उपयोग करें।

पुलिसकर्मियों को संबोधित करते एसएसपी पीयूष पांडेय ● फोटोन न्यूज

बाजार का हाल कुछ दुकानदार ग्राहकों को दे रहे कम कीमत पर सामान, अधिकतर कर रहे पुराना स्टॉक पड़ा होने की बात

जीएसटी की दरें कम होने पर भी बाजार में ऊहापोह की स्थिति

PHOTON NEWS JSR : केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरें घटा दी हैं। लेकिन, जमशेदपुर में कुछ दुकानों पर ही ग्राहकों को इसका लाभ मिल रहा है। अधिकतर दुकानों पर पुराने महंगे रेट पर ही सामान बेचे जा रहे हैं। इससे ग्राहकों के बीच ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। ग्राहकों ने दुकानदारों से जीएसटी की दरें कम होने का हवाला दिया तो जवाब मिला कि अभी उनके पास जो सामान है, वह जीएसटी रेट की पुरानी दरों का है। इसलिए, अभी महंगे पुराने रेट पर ही सामान बेचा जा रहा है। गुरुवार को जीएसटी की दरें कम होने के बाद बाजार का माहौल लेने निकले। मानगो में कई दुकानों पर दस्तक दी। मानगो रोड नंबर 15 में गुमटी में पनीर, बटर, दूध, दही आदि बेचने वाले दुकानदार रामकुमार से हमने पूछा कि 1 लीटर दूध कितने का है। उन्होंने तपाक से जवाब दिया 60 रुपये। जब उनसे जीएसटी की दरें कम होने की बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी पुरानी जीएसटी दरों पर ही समान बेचा जा रहा है। कम रेट पर समान मिलेगा तो कम रेट पर बेचा जाएगा। अभी डीलर की तरफ से ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई है।

प्रतीकात्मक तस्वीर

कई दुकानों में पुराने रेट पर ही बिक रहे सामान

मानगो के जवाहर नगर में किराना की दुकान चलाने वाले मोहम्मद आजम ने 1 लीटर दूध का दाम 62 रुपये बताया। उन्होंने बाजार में चल रहे रेट से 2 रुपये अधिक बताया। इसका कारण पूछने पर मोहम्मद आजम का कहना था कि वह फ्रिज में दूध ठंडा करने के लिए 2 रुपये ले रहे हैं। जब उनसे कहा गया कि बाकी अन्य दुकानदार और शहर में 60 रुपये का ही 1 लीटर दूध मिलता है तो उनका जवाब था कि वहीं से ले लीजिए। डिमना रोड पर किराना दुकानदार रमेश कुमार बताते हैं कि अभी सस्ती जीएसटी दरों पर सामान नहीं आया है। अभी उनकी दुकान में पुराना समान है। इसीलिए वह पुराने रेट पर ही सारा सामान बेच रहे हैं। मानगो के मलिक स्टोर पर भी अभी पुराने रेट पर ही अधिकतर सामान बेच जा रहे हैं। यहां 200 ग्राम बटर का दाम 120 रुपये है। 1 किलो दूध 60 रुपये में बिक रहा है। 1 किलो दही का दाम 72 रुपये है, जबकि 70 ग्राम चीज का दाम 139 रुपये है।

साबुन व बटर भी हुआ सस्ता

5 पीस लक्स साबुन का बंडल पहले 110 रुपये में बेचा जा रहा था। अब यह 98 रुपये में दिया जा रहा है। पनीर का दाम भी घटा है। अमूल पनीर का 200 ग्राम का पैकेट सस्ता हुआ है। यह पैकेट पहले 95 रुपये में बेचा जाता था। सोमवार को इसे 88 रुपये में बेचा जा रहा है। पारले-जी बिस्कुट के दाम भी घटे हैं। पारले-जी बिस्कुट का 800 ग्राम का पैकेट पहले 100 रुपये में था। सोमवार को इसे 83 रुपये में बेचा गया। इसी तरह सर्फ एक्सेल बार डिटर्जेंट के 200 ग्राम का पैकेट भी सस्ता हुआ है। यह डिटर्जेंट 128 रुपये में 200 ग्राम दिया जा रहा था। सोमवार को इसका दाम कम करने के बाद इसे 108 रुपये में बेचा जा रहा है। पारले का न्यूट्री क्रंच डाइजेस्टिव का एक किलोग्राम का पैकेट पहले 320 रुपये में था। अब इसे 142 रुपये में दिया जा रहा है। अमूल गाय का 500 ग्राम घी का पैकेट पहले 330 रुपये में बेचा जाता था। अब इसकी कीमत 299 रुपये हो गई है। यहां अमूल बटर का 500 ग्राम का पैकेट पहले 305 रुपये में बिक रहा था। सोमवार को इसका दाम 281 रुपये हो गया है।

शॉपिंग मॉल ग्राहकों को दे रहे जीएसटी का फायदा

बड़े शॉपिंग मॉल में जीएसटी का फायदा मिल रहा है। मानगो में अपना मार्ट जीएसटी का फायदा दे रहा है। यहां कई चीजों के दाम कम हुए हैं। वहां बाकायदा पोस्टर लगाकर बताया जा रहा है कि जीएसटी के रेट कम होने से कितने सामान सस्ते हुए हैं। यहां कई समान सस्ते किए गए हैं। यहां 500 ग्राम बादाम पहले 559 रुपये का था। अब जीएसटी की दरें कम होने के बाद इसे 399 में बेचा जा रहा है। गोला स्पंज का दाम पहले 299 रुपये था, अब यह 13 रुपये सस्ता होकर 245 रुपये में बिक रहा है। हल्दीराम भुजिया का पैकेट भी सस्ता हुआ है। 1 किलोग्राम भुजिया का दाम पहले 290 रुपये लिया जा रहा था। अब ग्राहकों को 258 रुपये में भुजिया दी जा रही है। विम डिश वॉश बार का भी दाम घटा है। 500 ग्राम विम डिश बार पहले 60 में थी। अब इसे 46 रुपये में दिया जा रहा है। यहां ड्राई छोला भी सस्ता हुआ है। 500 ग्राम ड्राई छोला के पैकेट का दाम पहले 219 रुपये था। अब इसका दाम घटकर 157 रुपये हो गया है।

जमशेदपुर के चित्रकार अर्जुन दास ने बनाई दिशोम गुरु की पेंटिंग

पेंटिंग देखते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : सोनारी निवासी चित्रकार अर्जुन दास ने झामुमो के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पेंटिंग बनाई है। बुधवार की शाम रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में उन्होंने यह पेंटिंग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेंट की। पेंटिंग देखते ही मुख्यमंत्री भावुक हो उठे और अर्जुन की प्रतिभा को सराहते हुए कहा कि झारखंड की मिट्टी में अपार प्रतिभा है। अर्जुन जैसे कलाकार हमारी संस्कृति और विरासत को संजोने का कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार हमेशा ऐसे युवाओं के साथ खड़ी है। अर्जुन दास ने कहा कि यह क्षण उनके जीवन का सबसे यादगार पल रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी स्मृति को कला के माध्यम से सहेजना मेरे लिए गर्व की बात है। पेंटिंग तैयार करने के बाद अर्जुन दास ने झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी से मुलाकात की और मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा जताई थी। कुणाल षाड़ंगी की पहल पर मुख्यमंत्री ने कलाकार को अपने आवास बुलाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की धरती से निकली प्रतिभाएं आज राज्य की पहचान बन रही हैं।

शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है कुंजल क्रिया

भारत में योग का चलन आज से नहीं बल्कि सदियों से रहा है। योग महज एक शारीरिक व्यायाम नहीं है। बल्कि यह जीवन को सरल और बेहतर बनाने का एक बेजोड़ तरीका है। आज हम आपको योगा की एक ऐसी ही टेक्निक से रूबरू कराएंगे। जो आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को तो बाहर निकालती ही है। साथ ही आपको कई दूसरे लाभ भी देती है। दरअसल हम बात कर रहे हैं कुंजल क्रिया के बारे में। यह अन्य योगासन से बहुत भिन्न है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस क्रिया में आपको उल्टी करनी होती है। हां शायद यह आपको थोड़ी अजीब लग सकती है। लेकिन कुंजल क्रिया सही मायने में बहुत ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं इस क्रिया के बारे में।

क्या आपने कभी कुंजल क्रिया के बारे में कुछ सुना है। अगर नहीं तो यह क्रिया आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है। आइए जानते हैं कुंजल क्रिया के बारे में और जानते हैं कैसे यह आपकी सेहत पर असर डालती है।

क्या है कुंजल क्रिया

कुंजल क्रिया आपके शरीर से अशुद्धियां बाहर निकालने की एक जबरदस्त टेक्निक है। कुंजल क्रिया के बारे में सबसे पहले हठयोग से संबंधी एक प्रदीपिका ग्रंथ में दिया गया था। इस ग्रंथ में ही इसे शरीर की सफाई करने की तकनीक के रूप में बताया गया है। कुंजल क्रिया न केवल आपके शरीर को साफ करती है बल्कि यह आपके मन को भी नियंत्रित करने में भी सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन में इसे लेकर एक शोध भी प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि उल्टी करने के बाद व्यक्ति को खालीपन महसूस होता है और इससे कई शारीरिक लाभ होते हैं। आइए जानते हैं कैसे की जाती है कुंजल क्रिया।

कैसे होती है कुंजल क्रिया

- इसके लिए आपको कम से कम 6 से 8 गिलास गुनगुने पानी की जरूरत होगी और हर एक लीटर पानी पर एक चम्मच सेंधा नमक या साधारण नमक भी चाहिए होगा।
- अब आपको एक लीटर पानी में एक चम्मच सेंधा नमक मिलाना होगा और कगासन की मुद्रा में बैठना होगा।
- इसके बाद आपको इसी मुद्रा में यह पानी जल्दी से जल्दी पीना होगा और उल्टी करने के लिए थोड़ा आगे झुक कर खड़ा होना होगा।
- जब आपको लगे की पेट खाली हो चुका है तो शवासन की मुद्रा में 30 मिनट के लिए लेट जाएं।
- इस क्रिया में आपको उल्टी तुरंत आ जाती है। ऐसे में अगर यह क्रिया करें तो विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें।

वजन और पाचन के लिए

जब भी आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके पेट की मांसपेशियां सिकुड़ जाती है और फैट कम हो जाता है। ऐसे में अगर आप फैट या वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो य क्रिया आपके लिए बहुत फायदेमंद होगी। यह पाचन तंत्र को पूरी तरह स्वस्थ रखने काम काम करती है।

तनाव और चिंता से राहत

जब आप इस क्रिया को करते हैं तो इससे शरीर में रक्त प्रवाह बेहतर हो जाता है और आपके शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचने लगता है। इससे आपका हार्ट रेट कम हो जाता है और सांस लेना भी आसान हो जाता है। साथ ही यह ब्लड प्रेशर को भी ठीक करता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कुंजल क्रिया के जरिए तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। ध्यान रहे कि यह क्रिया किसी विशेषज्ञ की

या फिर आपकी आयु 16 साल से कम है तो इस आसन को बिल्कुल ना करें।

खांसी और सर्दी से राहत

जब आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके फेफड़ों की मांसपेशियां मजबूत होती है और इनकी सहन शक्ति बढ़ जाती है। साथ ही इसके जरिए आपके फेफड़े भी साफ हो जाते हैं और आपके लिए सांस लेना आसान हो जाता है। इस तरह यह सर्दी और खांसी के लक्षणों से राहत दिलाती है।



एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है।

ऐसे करें आंखों की देखभाल

मोबाइल और लैपटॉप के बढ़ते इस्तेमाल के कारण हमारी आंखों का इस्तेमाल पहले से कहीं ज्यादा हो रहा है। जिससे लोगों में सिरदर्द, जलन और आंखों में तनाव के मामले बढ़े हैं। खासकर, एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है। आंखें पित्त दोष का आसन हैं। चूंकि पित्त दोष उम्र के साथ असंतुलित हो जाता है, इसलिए आंखें प्रभावित होती हैं।

सुबह उठकर मुंह में पानी भरें

रोज सुबह उठकर टॉयलेट जाने से पहले या बाद में मुंह में पानी भरें और कुछ सैकंड्स तक होल्ड करें। इस दौरान आपकी आंखें बंद होनी चाहिए। अब कुल्ला कर दें और इस प्रक्रिया को दो से 3 बार दोहराएं।

त्रिफला वॉटर का उपयोग करें

त्रिफला वॉटर आई वॉश आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। यह न केवल आपके आंखों की रोशनी बढ़ाता है, बल्कि आंखों की चमक में भी सुधार करता है। खासतौर से थकी हुई आंखों को आराम देने का यह बेहतरीन तरीका है।

स्वस्थ आंखों के लिए षटकर्म करें

आयुर्वेद में शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने ,उसे मजबूत बनाने और रोगमुक्त बनाने के लिए 6 प्यूरीफिकेशन टेकनीक के बारे में बताया गया है। इनमें से नेती और त्राटक सूखी आंखों और आंखों के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे आयुर्वेदिक उपाय के रूप में काम करते हैं। बता दें कि त्राटक षटकर्म आंख का व्यायाम है जिसमें किसी भी बिंदु पर आंखों को स्थिर करके निरंतर देखना होता है।

बरतें ये सावधानियां

- आंखों की देखभाल के दौरान कभी भी बहुत तेज गर्म या फिर बर्फ के पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।
- अचानक तापमान में हुए परिवर्तन से बचने का प्रयास करें।
- अगर आपका शरीर गर्म हो रहा है या आप पसीने से तर हैं, तो अपने चेहरे और आंखों पर पानी के छीटें मारने से पहले 10 मिनट तक इंतजार करें। जब तक आपकी बॉडी सही तापमान में एडजस्ट न हो जाए, छीटें मारने से बचें।
- सुबह-शाम चेहरे पर पानी के छीटे मारें
- 10-15 बार अपनी आंखों और चेहरे पर ठंडे या फिर नॉर्मल पानी के छीटें मारें। इस प्रक्रिया को आप तब भी दोहराएं , जब शाम को काम से वापस घर लौटें। ऐसा करने से आंखों को बहुत आराम मिलेगा।

स्वस्थ आंखों के लिए फायदेमंद है अंजन

स्वस्थ आंखों के लिए अंजन का उपयोग बहुत फायदेमंद है। अंजना एक आयुर्वेदिक दवा है, जिसे आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पलकों के अंदरूनी हिस्से पर लगाते हैं। बता दें कि अंजना जड़ी-बूटियों से बना एक गाढ़ा आईलाइनर है। इसे कोलिरिसम भी कहते हैं। इसका उपयोग आंखों की रोशनी बढ़ाने और आंख से जुड़ी अन्य बीमारियों के लिए किया जाता है। हालांकि, यह काजल की तरह दिखता है, लेकिन इससे काफी अलग है। इसे मिनरल्स और जड़ी- बूटियों को पीसकर पेस्ट के रूप में तैयार किया जाता है। आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी है। उम्मीद है यहां एक्सपर्ट द्वारा बताए गए तरीकों से आपको आंखों की सही देखभाल करने में मदद मिलेगी।

वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से पड़ता है सेहत पर बुरा असर

वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से हमारी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। लेकिन कई दफा हम इसे नजरअंदाज करते हैं। शोध में पता चला है कि ये दोनों पर्यावरण हार्ट फेलियर का भी एक कारण हैं।

देश में दिवाली आने वाली है और इस माह में लोगों द्वारा की जाने वाली आतिशबाजी के कारण वायु प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ जाता है और स्मॉग का रूप ले लेता है। इस तरह के पॉल्युटिड स्मॉग में धूल और वायु प्रदूषक जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड, ज्वलनशील कार्बनिक यौगिक आदि हानिकारक मिश्रण रहते हैं। जो खांसी, गले में खराश, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण, आंख व नाक में एलर्जी के अलावा इम्यून सिस्टम को भी कमजोर बनाते हैं। हाल ही में वायु प्रदूषण पर एक शोध आया है जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। नए शोध के अनुसार, वायु प्रदूषण और सड़क यातायात के शोर के संपर्क में आने से हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। शोध का रिजल्ट अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के एक ओपन-एक्सेस जर्नल 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' में प्रकाशित किया गया था। इसलिए आपको वायु प्रदूषण से खुद को सेफ रखने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

वायु प्रदूषण पर शोध

नए रिसर्च के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 15 से 20 साल के पीरियड में लॉन्ग टर्म एनवायरनमेंट इंपैक्ट को लेकर हर्ट फेलियर की जांच की। डेनमार्क में महिला नर्सों पर हुए शोध में एयर पॉल्यूशन और रोड ट्रैफिक हर्ट फेलियर की मुख्य वजह पाया गया। बता दें कि शोध में जिन महिलाओं को लिया गया था उनकी उम्र 44 वर्ष और उससे अधिक थी। प्रतिभागियों को 1993 और 1999 में भर्ती किया गया था और जब उन्होंने नामांकन किया, तो हर महिला ने बॉडी मास इंडेक्स, लाइफस्टाइल फैक्टर जैसे धूम्रपान, शराब का सेवन, शारीरिक गतिविधि और आहार संबंधी आदतों के अलावा अपनी मेडिकल कंडीशन के बारे में भी पूरी जानकारी दी थी। इन सभी प्रतिभागियों को डेनिश नेशनल पेशेंट रजिस्टर से लिंक करने के 20 साल के बाद हार्ट फेलियर के बारे में पता चला जिनका बाद में इलाज भी हुआ और इसके रिकॉर्ड भी हैं।

दिल के लिए ज्यादा खतरनाक है वायु प्रदूषण

डेनमार्क स्थिति कोपेहेगन यूनिवर्सिटी के एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट से जुड़े असिस्टेंट प्रोफेसर और शोध को लीड करने वाले ऑथर ने कहा कि स्टडी में पाया गया है कि तीन वर्षों में रोड ट्रैफिक का शोर 12 फीसदी हार्ट फेलियर के खतरे का कारण बना। उन्होंने आगे कहा, हम आश्चर्यचकित थे कि कैसे दो पर्यावरणीय कारक - वायु प्रदूषण और सड़क यातायात शोर ने एक साथ हृदय गति रुकने का जोखिम बढ़ा दिया है। शोध में पता चला है कि रोड ट्रैफिक की तुलना में एयर पॉल्युशन हर्ट फेलियर के खतरे की मजबूत वजह बना। हालांकि, इन हर्ट फेलियर वाली 30 प्रतिशत नर्सों में हाई ब्लड प्रेशर की भी समस्या थी।

सांस लेने में तकलीफ

वायु प्रदूषण की वजह से बुजर्ग लोगों को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एयर पॉल्युशन के कारण बुजुर्गों के शरीर के कई अंग धीमी गति से कार्य करते हैं और इसी तरह का हाल फेफड़ों का रहता है। क्योंकि लंग्स प्रदूषित हवा को सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाते हैं जिस वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत आती है।

आंखों में परेशानी

वायु प्रदूषण के चलते कई बार बच्चों से लेकर बुजुर्गों की आंखों में भी दिक्कतें आती हैं। दूषिक हवा के कण हमारी आंखों में एलर्जी पैदा करने लगते है जिससे कई बार हमें आस-पास की चीजें साफ नहीं दिखती हैं। साथ ही धूल मिटटी से आंखों में खुजली भी होती है।

सेहत संबंधी दिक्कतें

बुजुर्गों का इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है जिसकी वजह से उनको वायू प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से उनका दम घुटने लगता है। वे इस वातावरण को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते। इसके चलते कई दफा, छींकआना, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण और गले में खराश जैसी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

साइलेंट किलर है तनाव, इसे गंभीरता से लेना है बहुत जरूरी

मेंटल हेल्थ एक पुराना विषय रहा है, लेकिन अब कोरोना के बाद यह और ज्यादा घातक हो गया है। अब इसे गंभीरता से लेकर इस पर बात करना जरूरी है। कोरोना ने कई तरह के मानसिक रोगों को जन्म दिया है

आज के दौर में हर शख्स अपनी जिंदगी में स्ट्रेस से गुजरता है। स्ट्रेस को आजकल एक कॉमन परेशानी के रूप में देखा जाता है और यही सबसे बड़ी गलती है। 2020 में आए कोविड 19 ने सोशल और इकोनॉमिक तौर पर काफी बदलाव लाया है। लाखों लोगों ने अपनी जिंदगी गवां दी, यहां तक की एक दूसरे से मिलना-जुलना भी दूभर हो गया था। आज जहां 2021 में कोविड 19 को 2 साल हो गए हैं और आज भी मानव जाति इस विपदा से उबरने की कोशिश में है। कई देश आज भी इस वायरस के नए स्ट्रेन से लड़ रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने ये चेतावनी जारी की है कि कोरोनावायरस का मेंटल हेल्थ पर काफी लंबे समय तक असर होता रहेगा। आज लोगों में एंजाइटी, स्ट्रेस, डिप्रेशन जैसी कई समस्या बहुत हद तक बढ़ चुकी हैं। इस पैंडेमिक के दौरान मेंटल हेल्थ पर गहरा असर पड़ा है। 2020 में माइसेंसी द्वारा एक सर्वे के आधार पर ठट्ठ के 75 प्रतिशत और एशिया के 33 प्रतिशत एम्प्लॉय में बर्न आउट के लक्षण दिखे हैं। यूरोपियन देशों में भी पैंडेमिक फैटिग के लेवल में बढ़ोतरी हुई है।

जिन लोगों ने अपनी मेंटल हेल्थ को बहुत खराब रेट दिया है, उनकी मात्रा पैंडेमिक आने के बाद तीन गुना बढ़ गई है। ओरेकल और वर्क प्लेस इंटेलिजेंस जैसी कंपनियों द्वारा एक हालिया सर्वे जिसमें 11 देशों के 12000 लोगों ने भाग लिया ये दर्शाता है कि मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव में एम्प्लॉय के बदले ज्यादा मेंटल हेल्थ इश्यूज पाए गए हैं। 53% ने माना की उन्हें मेंटल हेल्थ इश्यूज पैंडेमिक के शुरू होते ही शुरू हो गए थे। इसी कड़ी में 5 में से 4 मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव यानी लगभग 85% ने माना कि उन्हें काम को पूरा करने में दिक्कत आई। इसके कुछ कारण हैं जैसे घर से काम करने के दौरान नई तकनीक को समझने और उसका उपयोग करने में परेशानी और दूसरा यह कि ऑफिस के माहौल से दूर साथ बैठकर काम करने और कोलेबरेट करने की जगह घर से काम करना।

क्या कहती है रिपोर्ट?

इस कड़ी में लगभग 39% लोगों को घर से वर्चुअली काम करने में दिक्कत आई। वहीं 34% को वर्क कल्चर के ना होने की कमी खली। वहीं 29% लोगों को नई तकनीकों को समझने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। जहां एक तरफ कंपनी के सीनियर अधिकारी वर्कप्लेस पर मेंटल हेल्थ और हेल्थी वर्क कल्चर को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, वहीं आज भी मेंटल हेल्थ को एक स्टीरियोटाइप के तौर पर देखा जाता है। कंपनी में ओपन कम्युनिकेशन और सपोर्ट की कमी खलती है। कंपनी के लीडर को अपने स्टॉफ को न सिर्फ इंस्पायर करना चाहिए ताकि वे अपनी बात को खुलकर शेयर कर सकें, बल्कि उन्हें इंस्पायर भी करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर वे कोच या थेरेपिस्ट से मदद भी ले सकें। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम को इग्नौर नहीं करना है, अगर तनाव से संबंधी कोई भी लक्षण नजर आता है तो तत्काल डॉक्टर से मिलना है। इसे हल्के में बिल्कुल नहीं ले सकते।

जान भी ले सकती है लौकी

लौकी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत अच्छा है। इसे कई प्रकार से खा सकते हैं। सब्जी, जूस, खीर, कलाकंद, पराठे सहित अन्य तरीकों से इसका सेवन किया जा सकता है। इसका सेवन करने से कब्ज और गैस की समस्या में राहत मितली है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम,

कड़वी लौकी का सेवन करने से आपकी जान पर बात बन सकती

नौबत आ जाती है। इसलिए भूलकर भी कड़वी लौकी का सेवन नहीं करें। लौकी का जूस बनाने से पहले इसे जरूर टेस्ट करें। अगर वह कड़वी लगती है तो इसका सेवन नहीं करें। कड़वी विषैली लौकी का सेवन करने के नुकसान- बेचैनी, घबराहट, ब्लड प्रेशर की समस्या, उल्टी होने लगती है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार अंगों पर भी इसका असर पड़ सकता है। ऐसे में अंग फैल भी हो सकते हैं। इसलिए भूलकर भी लौकी को टेस्ट किए बिना इसका प्रयोग नहीं करें। कड़वी लौकी की पहचान उसे चखकर की जा सकती है। बता दें कि इसे पकाने पर भी कड़वापन खत्म नहीं होगा। कड़वी लगने

डिफेंस सिस्टम विकसित कर लेती है। जिससे उसमें केमिकल विकसित हो जाता है। तो कई बार तापमान कम ज्यादा होने पर भी यह बदलाव होने लगते हैं। इतना ही नहीं पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर भी ऐसा हो सकता है।

उपेक्षा के शिकार बुजुर्गों की लें सुध

पिछले महीने एक बुजुर्ग दंपती की खबर खूब चर्चित हुई। यह घटना थी उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की, जिसमें बेटे-बहू की उपेक्षा और उत्पीड़न से परेशान बुजुर्ग ने नहर में छलांग लगा दी। पति को बचाने के लिए पत्नी भी नहर में कूद गई और नौ किमी तक पति का हाथ थामकर तैरती रही, लेकिन उन्हें बचा नहीं पाई। इस घटना के कुछ ही दिन बाद छत्तीसगढ़ के जशपुर से खबर आई कि एक बेटे ने कुल्हाड़ी से काटकर मां के टुकड़े कर डाले। एक अन्य खबर के अनुसार उपेक्षा से त्रस्त पिता ने बेटियों के अपमान और लालच से तंग आकर चार करोड़ रुपये की संपत्ति मंदिर को दान दे दी। ऐसी तमाम घटनाएं समाज में आए दिन घटित हो रही हैं। भारतीय समाज में आज भी श्रवण कुमार आदर्श माने जाते हैं। मां-बाप की कामना होती है कि उनका बेटा श्रवण कुमार हो, लेकिन श्रवण कुमार भारतीय परंपरा से अब खत्म से होते दिखते हैं। बुजुर्गों की बदहाल स्थिति और बढ़ते वृद्धा आश्रम इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। यह रुझान समय के साथ और बढ़ता ही जा रहा है। भारत में वृद्धों की सेवा और रक्षा के लिए कई कानून बने हैं। केंद्र सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2007 में वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम लागू किया। भारत के रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से नमूना पंजीकरण प्रणाली रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रजनन दर घटी है, जिसके कारण 0-14 वर्ष की आबादी घट रही है और 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की जनसंख्या 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। केरल सरकार ने इसी बढ़ती आबादी और बुजुर्गों के जीवन की समस्याओं के मद्देनजर वृद्ध आयोग का गठन किया, जो सराहनीय कदम है, लेकिन दुर्भाग्यवश तमाम सुविधाएं, नियम-कानून कागजों में ही ज्यादा सीमित हैं। पिछले कुछ वर्षों में बुजुर्गों से जुड़े अलग तरह के मामले सामने आए। इनमें ज्यादातर बुजुर्ग विधवा अथवा विधुर थे और अकेले थे। पति या पत्नी का सहारा ऊपर वाले ने छीन लिया था और बच्चों का किस्मत ने। जिस बुढ़ापे के लिए बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा किया था, उन्होंने ही बुढ़ापे में जीना मुश्किल कर दिया और वह भी थोड़ी सी संपत्ति के लिए। दुर्भाग्यवश ऐसी घटनाओं में बुजुर्ग नियमानुसार मदद मांगने जाते हैं तो उन्हें कोई सहायता नहीं मिलती है। कई मामलों में बुजुर्गों ने सबसे पहले वन स्टाप सेंटर में शिकायत की। वहां अदालत की तर्ज पर तारीखें मिलने लगीं। तारीख पर दोनों पक्षों को बुलाया जाता। थक-हार कर शिकायत मुख्यमंत्री ग्रिवांस सेल, एसडीओ, कलेक्टर, एसपी, डीजीपी, कमिश्नर, मानवाधिकार आयोग, डीएलएसए और हेल्पलाइन नंबर पर की गई। सामाजिक सुरक्षा निदेशालय को भी सूचना भेजी गई, जहां से जिलाधिकारी को कार्रवाई करके रिपोर्ट भेजने का निर्देश मिला, किंतु सब व्यर्थ रहा। अचंभे की बात यह है कि कई अधिकारियों और पुलिस वालों को भी वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी नहीं होती। एक अधिकारी सिर्फ इतना जानते थे कि 10 हजार रुपये भरण-पोषण के लिए के लिए दिए जाते हैं, जबकि इसके तहत माता-पिता द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायत पर संतानों पर दंड, जुमार्ने के साथ संपत्ति से बेदखल करने और हस्तांतरित संपत्ति वापस लेने का भी प्रविधान है, लेकिन इसका शायद ही इस्तेमाल होता है। शारीरिक और आर्थिक असमर्थता के बीच अधिकारियों और थाने के चक्कर लगा-लगाकर कई बुजुर्ग टूट जाते हैं और अवसाद में जीवनयापन करने लगते हैं। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि ये वही बुजुर्ग हैं, जिनकी कहानियां बच्चों में संस्कारों की नींव रखती थी, जिनकी लोरियां उन्हें सुखद नींद में परियों के देश का भ्रमण कराती थी। माता-पिता जब डांटते, तब दादा-दादी का ही आश्रय होता था। एकल परिवार की संकल्पना ने बच्चों से बुजुर्गों का सहारा छीन लिया और बुजुर्गों से छत। भागम भाग के बीच संतानें बुजुर्गों को समय नहीं दे पातीं, जिससे उनमें अकेलापन, अवसाद बढ़ रहा है। साथ ही हिंसात्मक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। माता-पिता अपनी संतानों के खिलाफ शिकायत नहीं करना चाहते। ऐसा करते भी हैं तो तब तक कोई कार्रवाई नहीं होती, जब तक कोई अनहोनी घटना नहीं घट जाती। प्रशासन का रुख वृद्धों के मनोबल को तोड़ देता है। अंततः वे वृद्धाश्रम जाने को मजबूर हो जाते हैं या आत्महत्या कर लेते हैं। बुढ़ापे में आर्थिक समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। सरकारी नौकरी वाले तो पेंशन से जी लेते हैं, परंतु वृद्धावस्था पेंशन से गुजारा मुश्किल होता है। अपने देश में वृद्धाश्रम और डे केयर सेंटर भी कम हैं और जो हैं, उनमें से ज्यादातर बदहाल हैं। बुजुर्गों के संरक्षण संबंधी मौजूदा कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए। इनका पालन नहीं करने वालों पर कठोर सजा का प्रविधान हो। बुजुर्गों के लिए फास्ट ट्रैक अदालतें बनें और घर पर सेवा मिले। इसके अलावा, बुजर्गों को वृद्धाश्रम भेजने पर जोर न देकर उनके अधिकारों को संरक्षित करने की पहल हो। इस सबके साथ चेतनाशून्य समाज का जागना भी बहुत जरूरी है।

हिंसा करने के बाद भी दूध से सिंचित करने की मानसिकता

ANALYSIS

✍ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ईद-ए-मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान औरंगजेब की तस्वीर पर दूध चढ़ाया गया। धाराशिव में औरंगजेब के समर्थन में लगे नारों के वीडियो पहले ही सामने आ चुके थे। हालांकि इस घटना को कुछ वक्त हो गया है, पर अब नई घटना उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा के हालिया बयान के माध्यम से घटी है। वह कहती हैं, हम कई अच्छे राजाओं को याद रखते हैं और कुछ औरंगजेब जैसे भी थे, जो एक कुशल प्रशासक था। स्वभाविक है कि औरंगजेब को कुशल प्रशासक कहने का विरोध होना चाहिए, वह हुआ भी। छात्रों के बीच राष्ट्रीय चेतना की अलख जगानेवाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने उनके इस बयान पर आपत्ति दर्ज कराई। एबीवीपी की ओर से कहा गया, सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को ऐतिहासिक तथ्यों पर टिप्पणी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। यह विद्यार्थियों और इतिहास प्रेमियों के लिए अनुचित है। विकसित भारत 2047 के लिए रोडमैप विषय पर वक्तव्य दे रही थीं और औरंगजेब को कुशल प्रशासक बता रही हैं। जिस आदमी का वजूद ही गैर मुसलमानों (हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन एवं अन्य) के विरोध पर टिका हो, वह कुशल प्रशासक कैसे हो सकता है। वैसे व्यंग्य करने लिए यह बात अच्छी है, किंतु क्या वास्तव में ऐसा ही है। यदि हम औरंगजेब के शासनकाल को देखते हैं, तो ध्यान आता है कि शायद ही उसने कभी अच्छा काम किया हो।

अभी हाल ही में दो घटनाएं देश में औरंगजेब से जुड़ी घटी हैं। महाराष्ट्र के अकोला से क्रूर मुगल शासक औरंगजेब के समर्थन में नारे लगाने और उसकी तस्वीर पर दूध चढ़ाने का वीडियो सामने आया। ईद-ए-मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान औरंगजेब की तस्वीर पर दूध चढ़ाया गया। धाराशिव में औरंगजेब के समर्थन में लगे नारों के वीडियो पहले ही सामने आ चुके थे। हालांकि इस घटना को कुछ वक्त हो गया है, पर अब नई घटना उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा के हालिया बयान के माध्यम से घटी है। वह कहती हैं, हम कई अच्छे राजाओं को याद रखते हैं और कुछ औरंगजेब जैसे भी थे, जो एक कुशल प्रशासक था। स्वभाविक है कि औरंगजेब को कुशल प्रशासक कहने का विरोध होना चाहिए, वह हुआ भी। छात्रों के बीच राष्ट्रीय चेतना की अलख जगानेवाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने उनके इस बयान पर आपत्ति दर्ज कराई। एबीवीपी की ओर से कहा गया, सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को ऐतिहासिक तथ्यों पर टिप्पणी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। यह विद्यार्थियों और इतिहास प्रेमियों के लिए अनुचित है। विकसित भारत 2047 के लिए रोडमैप विषय पर वक्तव्य दे रही थीं और औरंगजेब को कुशल प्रशासक बता रही हैं। जिस आदमी का वजूद ही गैर मुसलमानों (हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन एवं अन्य) के विरोध पर टिका हो, वह कुशल प्रशासक कैसे हो सकता है। वैसे व्यंग्य करने लिए यह बात अच्छी है, किंतु क्या वास्तव में ऐसा ही है। यदि हम औरंगजेब के शासनकाल को देखते हैं, तो ध्यान आता है कि



शायद ही उसने कभी अच्छा काम किया हो। भारत के मध्यकालीन इतिहास में औरंगजेब (1618-1707) का व्यक्तित्व सबसे विवादास्पद है। उसके शासनकाल में धार्मिक असहिष्णुता, हिंदू मंदिरों के विध्वंस, जजिया कर की पुनः स्थापना, सिख और मराठा प्रतिरोध के दमन, कला-संस्कृति पर रोक तथा अपने पिता और भाइयों के साथ विश्वासघात जैसी घटनाएं हुईं। उसकी नीतियों ने भारतीय समाज में गहरी संप्रदाय खाई उत्पन्न कर दी (सतीश चंद्र, मुगल भारत : सुलतानत से मुगल साम्राज्य तक, 2005, पृ. 120)। शाहजहां का प्रिय दारा शिकोह था, जो हिंदू-मुस्लिम एकता और सूफी परंपरा का समर्थक था। दारा ने उपनिषदों का फारसी अनुवाद किया और हिंदू-इस्लामी विचारधारा के संगम की संभावना प्रस्तुत की (दारा शिकोह, सिर्र-ए-अकबर, 1657)। औरंगजेब को दारा का यह दृष्टिकोण विधर्म प्रतीत हुआ। 1658 में समरगढ़ की लड़ाई में औरंगजेब ने दारा को परास्त किया। 1659 में उस पर कुफ्र का आरोप लगाकर उसे दिल्ली लाया गया और मृत्यु दंड दे दिया। जदुनाथ सरकार लिखते हैं कि दारा को दिल्ली की गलियों में अपमानित कर घुमाने के बाद उसका वध किया गया और सिर शाहजहां को भेजा गया (जदुनाथ सरकार, औरंगजेब का इतिहास, खंड 2, 1912, पृ. 152-160)। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां तक को 1658 से लेकर 1666 में मृत्यु तक आगरा किले में कैद रखा। राजनीतिक सत्ता संभालने के साथ ही औरंगजेब ने धार्मिक नीतियों में भी बदलाव आरम्भ किया। औरंगजेब के निर्णयों में शरिया के कड़वे रूप की झलक मिलती है। प्रारंभिक वर्षों में वह कुछ हद तक व्यावहारिक भी दिखा, पर समय के साथ उसकी धार्मिक नीतियां कठोर होती गईं (सतीश चंद्र, मुगल भारत, पृ. 290-295)। उसने अपनी शासन नीति का दबाव बनाने के लिए धार्मिक वाद-प्रतिवाद और सार्वजनिक इस्लामिक चिह्नों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। ऐतिहासिक रूप से मंदिर विध्वंस और धार्मिक स्थलों के प्रतिस्थापन की घटनाएं औरंगजेब के समय ही हुईं। औरंगजेब ने मंदिर विध्वंस की नीति को राज्य नीति का अंग बना दिया। 1669 में उसने काशी के विश्वनाथ मंदिर को गिरवाया और वहां ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण कराया (सतीश चंद्र, वही, पृ. 286)। 1670 में मथुरा का केशव राय मंदिर ध्वस्त कर उसकी जगह ईदगाह मस्जिद का निर्माण हुआ (जदुनाथ सरकार, औरंगजेब का इतिहास, खंड 3, पृ. 102)। रिचर्ड एम. ईटन के अनुशीलन के अनुसार यह केवल लोकोपयोगी राजनीति नहीं थी, बल्कि मंदिर विध्वंस को धार्मिक (इस्लामिक) श्रेष्ठता के संदेश के रूप में प्रस्तुत करने की रणनीति भी थी, जिससे स्थानीय समाजों में भय और अवसाद दोनों का वातावरण बना। मध्य क्षेत्र, राजस्थान और गुजरात में भी प्रमुख मंदिर ध्वस्त किए गए। इससे हिंदू समाज में गहरी निराशा और विद्रोह की भावना पनपी। अकबर ने जिस जजिया कर को अपने शासनकाल में लगाया। जजिया यानी वो कर जो गैर मुसलमानों से वसूला जाता था, इसलिए कि वे मुसलमान नहीं हैं, इसके बाद भी वे मुस्लिम सत्ता वाले राज्य में रहते हैं। गैर मुस्लिम नागरिकों को संज्ञा दी गई थी (जिम्मी) की, इन्हीं से ये वसूल किया जाता था। इसी के आधार पर गैरमुस्लिमों को इस्लामिक राज्य में रहते हुए अपने धर्म का पालन करने की अनुमति दी जाती थी, लेकिन इस कर को अपने तमाम अनुभवों के बाद अकबर ने ही 1564 में हटा दिया था। जहांगीर और शाहजहां ने भी इसे लागू नहीं किया। लेकिन, 1679 में औरंगजेब ने गद्दी पर बैठते ही इसे पुनः चालू किया। यह कर गैर मुसलमानों पर लगाया जाता था और उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक घोषित करने जैसा था। औरंगजेब ने संगीत और नृत्य जैसी कलाओं पर प्रतिबंध लगाया। दरबार से नर्तकों और गायकों को निकाल दिया गया। प्रशासनिक पदों पर हिंदुओं की संख्या घटाई गई। जदुनाथ सरकार के अनुसार, औरंगजेब ने अपने अंतिम वर्षों में कट्टरपंथियों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं के प्रति दमनकारी नीति अपनाई। भारतवर्ष में यदि देखा जाए तो औरंगजेब के अत्याचारों का सबसे प्रबल प्रतिरोध मराठों ने किया। शिवाजी महाराज (1627-1680) ने हिंदवी स्वराज्य की स्थापना का संकल्प लिया। उन्होंने मुगल सेनाओं को बार-बार पराजित किया। मराठों की छापामार रणनीति से औरंगजेब अपने जीवनकाल में मरने के पहले तक परेशान रहा।

गजवा-ए-हिंद का सपना और महबूब आलम की गिरफ्तारी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के बिहार प्रदेशाध्यक्ष महबूब आलम की गिरफ्तारी की है। इसे उस गहरी साजिश के तहत पकड़ा गया है, जो भारत को भीतर से तोड़ने के लिए वर्षों से बुनी जा रही थी। वस्तुतः महबूब आलम, कटिहार जिले का निवासी है। वह 26 आरोपियों में से एक है जिन पर 2022 में फुलवारीशरीफ में दर्ज आपराधिक आतंकी साजिश का आरोप है। वह इस मामले में गिरफ्तार किए गए 19वें व्यक्ति के रूप में एनआईए के हत्थे चढ़ा। उसका काम था संगठन के कैडरों तक विदेशी फंड पहुंचाना, युवाओं को कट्टरपंथ की राह पर लगाना और उस नेटवर्क को मजबूत करना, जिसका लक्ष्य था भारत को वर्ष 2047 तक इस्लामी राष्ट्र बना देना। यहां यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह केवल एक संगठन की हद तक सीमित है या फिर इसके पीछे कहीं अधिक गहरी, संगठित और अंतरराष्ट्रीय स्तर की योजना काम कर रही है, क्योंकि जुलाई 2022 में फुलवारीशरीफ से बरामद आठ पन्नों का दस्तावेज इंडिया विजन 2047 इस सवाल का उत्तर देता है। यह दस्तावेज भारत की संप्रभुता को समाप्त कर इस्लामी शासन स्थापित करने का खाका था। इसमें साफ लिखा मिलता है कि यदि केवल दस प्रतिशत मुस्लिम आबादी भी साथ आ जाए तो बहुसंख्यक समाज को दबाकर सत्ता पर कब्जा किया जा सकता है। इस साक्ष्य में चार चरणों का उल्लेख किया गया मिला है। पहला- युवाओं को संगठन से जोड़कर कट्टरपंथ की ओर मोड़ना। दूसरा- उन्हें हथियार चलाने और मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण देना। तीसरा- पुलिस, सेना और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं में अपने वफादार स्थापित करना और चौथा- विदेशी सहयोग से सीधे संघर्ष में उतरना। इस दस्तावेज में प्रधानमंत्री पर हमला करने की योजना बनाने और उसे कैसे अंजाम देना है, इस तक दर्ज मिला। यहां हो सकता है, किसी को लगे कि लेखक ये क्या बेकार की बातें लिख रहा है, यह तो कल्पनालोक है, किंतु यदि कोई ऐसा सोच रहा है तो वह हकीकत को स्वीकारना नहीं चाहता, यही कहना होगा। वस्तुतः यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। पीएफआई लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में था। शुरूआत में उसने खुद को सामाजि और शैक्षिक संगठन के रूप में प्रस्तुत किया, ताकि उसकी गतिविधियों पर संदेह न हो। परंतु, धीरे-धीरे इसकी असली तस्वीर सामने आती गई। 2022 में एनआईए और ईडी द्वारा 17 राज्यों में की गई छापेमारी ने इस संगठन का असली चेहरा उजागर कर दिया। इन छापों में हथियार प्रशिक्षण मॉड्यूल, बम बनाने के मैनुअल और हिट लिस्ट बरामद हुईं। इसके बाद ही सरकार ने पीएफआई और उससे जुड़े आठ संगठनों पर पाँच साल का प्रतिबंध लगाया। इसमें आ इंडिया इमाम्स काउंसिल, कैंपस फ्रंट आफ इंडिया और रहाब इंडिया फाउंडेशन जैसे संगठन शामिल हैं। महबूब आलम की गिरफ्तारी से जो बातें सामने आईं, वे बताती हैं कि उसका काम केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं था। वह गल्फ देशों से हवाला के जरिए आने वाले धन को नेटवर्क तक पहुंचाने में सक्रिय था। यह धन युवाओं की भर्ती, उन्हें ट्रेनिंग देने और प्रोपेगेंडा चलाने में खर्च होता था। इंडिया विजन 2047 दस्तावेज में तुर्किये का विशेष उल्लेख था कि संघर्ष की स्थिति में वह भारतीय मुस्लिमों की मदद करेगा। इसका सीधा अर्थ है कि यह केवल भारत के भीतर की समस्या नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क का हिस्सा है। गजवा-ए-हिंद की विचारधारा इसी नेटवर्क का ईंधन है। इस अवधारणा का अर्थ है, भारत की धरती पर इस्लामी शासन की स्थापना। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और मध्य एशिया के कट्टरपंथी गुट इस विचार को वर्षों से बढ़ावा देते आए हैं। आईएसआईएस और अलकायदा ने भी इसका इस्तेमाल भारतीय युवाओं को बरगलाने के लिए किया। सोशल मीडिया पर हजारों संदेश फैलाए गए, जिनमें भारत को अगला युद्धक्षेत्र बताया गया। महबूब आलम और उसके जैसे लोग इसी विचारधारा के वाहक हैं। यहां यह देखना आवश्यक है कि यह नेटवर्क कितना व्यापक था। बिहार में महबूब आलम और सज्जाद आलम, केरल में मुहम्मद मुबारक, महाराष्ट्र में डॉ. अदनान अली सरकार और तमिलनाडु में मुहम्मद अखलथुर जैसे नाम सामने आए। कहीं हिट लिस्ट तैयार की जा रही थी, कहीं युवाओं को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी, तो कहीं विदेशी फंडिंग और प्रचार-प्रसार का काम हो रहा था। एक तरह से देखा जाए तो यह पूरे देश को जकड़ने की साजिश थी। आंकड़े बताते हैं कि खतरा कितना गंभीर है। 2014 से 2021 तक आईएसआईएस से जुड़े 37 मामले दर्ज हुए हैं और 168 लोग गिरफ्तार हुए। 500 से अधिक समर्थक पकड़े गए, जो प्रोपेगेंडा फैला रहे थे। केवल फुलवारीशरीफ केस में ही जैसा बताया गया कि 26 आरोपियों पर चार्जशीट दायर हुई । 2022 की छापेमारी में 100 से अधिक पीएफआई कार्यकर्ता पकड़े गए। यह कोई छिटपुट घटना नहीं, एक व्यापक पैटर्न के रूप में दिखाई दिया है। आज चिंता यह है कि भारत का लोकतंत्र विविधता और सहिष्णुता पर टिका है। लेकिन, जब कोई संगठन युवाओं को यह विश्वास दिलाता है कि उनकी अस्मिता केवल इस्लामी शासन से सुरक्षित रह सकती है, तो यह केवल संविधान पर हमला नहीं करता, बल्कि करोड़ों भारतीय मुसलमानों को भी कठघरे में खड़ा कर देता है जो शांति और प्रगति में विश्वास रखते हैं। यह स्थिति खतरनाक है, क्योंकि इससे सामाजिक ताने-बाने में दरार पड़ती है। अब इस मामले में भले ही सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते कठोर कार्रवाई की, परंतु ध्यान में आता है कि सिर्फ प्रतिबंध लगाना पर्याप्त नहीं है। फंडिंग के स्रोतों पर कड़ी निगरानी, साइबर स्पेस पर नजर और युवाओं को सकारात्मक दिशा देना अनिवार्य है। स्थानीय स्तर पर इस्लामिक मजहबी नेताओं और शिक्षाविदों को भी चाहिए कि वे सुधार के लिए आगे आएं ताकि कट्टरपंथी विचारधाराओं का प्रतिकार हो सके। महबूब आलम की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट है कि लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती बाहरी नहीं, बल्कि भीतर से पनप रही वैचारिक घुसपैठ है। यह केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, इससे भी कहीं आगे की राष्ट्रीय अस्मिता की लड़ाई है।

Social Media Corner

सच के हक में...

भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। देश को समृद्धि की राह दिखाने वाले उनके राष्ट्रवादी विचार और अंत्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले हैं।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर सविनय नमन। अपने जीवन एवं विचारों से भारतीय समाज को समग्र विकास और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाने वाले दीनदयाल जी ने राष्ट्रीय एकता, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया। स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान ने देश को वैचारिक दिशा प्रदान की। उनकी दर्शनशास्त्रीय कृति एकात्म मानववाद भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत पर आधारित एक ऐसी विचारधारा है, जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। पंडित जी ने अंत्योदय का सिद्धांत भी प्रतिपादित किया, जिसका लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को प्राथमिकता देना है। सादगी, निष्ठा और समाज सेवा का प्रतीक पंडित दीनदयाल जी का जीवन हमें कर्मशीलता और सेवाभाव की प्रेरणा देता है।

(ओम बिड़ला का 'एक्स' पर पोस्ट)

एक और दुष्प्रचार की निकली हवा

इसी वर्ष अप्रैल में जब वक्फ संशोधन विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हुआ था तो विपक्ष ने इसे घोर असंवैधानिक और मनमाना करार दिया था। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे मुसलमानों की मस्जिदें-कब्रिस्तान छीनने वाला कानून बता दिया था- ठीक वैसे ही जैसे नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को मुसलमानों की नागरिकता छीनने वाला बताकर उन्हें सड़क पर उतारा गया था और जिसके नतीजे में कई जगह हिंसा हुई थी। संसद से वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद जैसे ही उसने कानून का रूप लिया, वैसे ही सुप्रीम कोर्ट उसकी वैधानिकता का परीक्षण करने के लिए तैयार मिला, क्योंकि इस कानून को चुनौती देने के लिए कई याचिकाएं दाखिल कर दी गई थीं। अब ऐसा संसद से बने और संशोधित हुए करीब-करीब प्रत्येक बड़े कानून के साथ होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट लोकसभा, राज्यसभा के बाद एक तरह से तीसरे सर्वोच्च सदन की तरह काम करने लगा है। इधर संसद से पारित होकर कोई विधेयक कानून का रूप लेता है, उधर विपक्षी दलों के कुछ नेता और याचिकाबाज वकील सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर उसे चुनौती देने के लिए खड़े मिलते हैं। निःसंदेह सुप्रीम कोर्ट को प्रत्येक कानून की संवैधानिकता परखने का अधिकार है, लेकिन क्या अब हर कानून अमल में आने के पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचेगा। तीन कृषि कानूनों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक कदम आगे बढ़कर इन कानूनों की संवैधानिकता पर विचार किए बिना ही उनके अमल पर रोक लगा दी थी। यह सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपने अधिकारों का किया जाने वाला खुला-नग्न अतिक्रमण था। इन कानूनों के अमल पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी समीक्षा के लिए एक समिति गठित कर दी थी, लेकिन जब इस समिति ने अपनी रिपोर्ट दी तो उसने उसे देखने की भी जहमत नहीं उठाई। वह कृषि कानून विरोधी आंदोलन के नेताओं की ओर से राजमार्ग रोकने के मामले में भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। अंततः दुष्प्रचार के चलते ऐसी परिस्थितियां बनीं कि मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने पर बाध्य हुई। इससे किसानों का कितना भला हुआ, यह किसान नेता ही जानें। इन कानूनों को लेकर यह अफवाह फैलाई गई थी कि इनके जरिये किसानों के खेत छीने जाएंगे। चूंकि ये कानून अमल में ही नहीं आए, इसलिए कथित किसान नेता यह थोथा दावा कर सकते हैं कि अंततः किसानों के खेत छिनने से बच गए, लेकिन सीएए तो लागू हो चुका है। किसी को पता हो तो बताए कि कितने मुसलमानों की नागरिकता छिनी। नागरिकता, खेत, कब्रिस्तान या फिर और कुछ छीने जाने का शोर मचाने के लिए किसी नए कानून का निर्माण या फिर उसमें संशोधन किया जाना ही आवश्यक नहीं। अभी हाल में जब चुनाव आयोग की ओर से बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई तो तत्काल यह शोर मचा कि इसका उद्देश्य दलितों, गरीबों, अल्पसंख्यकों यानी मुसलमानों के वोट छीनना है। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति देकर विपक्षी दलों और साथ ही लोकतंत्र के स्वयंभू चैंपियनों के इस दुष्प्रचार की हवा निकाल दी कि चुनाव आयोग बिहार के बेचारे लोगों के वोट छीनने का काम कर रहा है। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के सभी मान्यता प्राप्त दलों को इस मामले में पक्षकार बनाया और उन्हें इसके लिए बाध्य किया कि वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया में भाग लें। मरता क्या न करता, वे बेमन से ही सही, यह काम कर रहे हैं। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर पूरी तरह रोक लगाने से इन्कार कर दिया। उसने अपने अंतरिम फैसले में इसके चंद प्रविधानों पर ही रोक लगाई। यह उल्लेखनीय है कि उसने संशोधित कानून में वक्फ बाई यूजर के प्रविधान को खत्म करने को मनमाना नहीं माना।

शब्द और भावना

वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 ने मुस्लिम धार्मिक औकाफ, जिसमें देशभर में काफी जमीनें शामिल हैं, को नियंत्रित करने वाले 1995 के वक्फ अधिनियम को संशोधित किया। इस संशोधन अधिनियम पर 15 सितंबर को अपना फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फूंक-फूंक कर कदम रखा। शीर्ष अदालत ने कई विवादास्पद प्रावधानों को फिलहाल स्थगित कर दिया, लेकिन संवैधानिकता और अन्य चिंताओं के आधार पर पूरे अधिनियम को ठंडे बस्ते में डालने से मना कर दिया। यह एक दुर्लभ उदाहरण बना, जहां अधिनियम के समर्थकों और आलोचकों दोनों ने अदालत के आदेश में अपना नजरिया सही साबित होने का दावा किया। सरकार का मत है कि पुराने वक्फ अधिनियम के तहत कथित दुरुपयोग और भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए ये संशोधन आवश्यक थे, जबकि आलोचक, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, इसे मुस्लिम समुदाय के मामलों में मनमाने हस्तक्षेप के बतौर देखते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस शर्त पर रोक लगा दी है कि पांच साल से इस्लाम का पालन करने वाले मुसलमान ही वक्फ कर सकते हैं। उसने जिला कलेक्टरों में निहित वक्फ संपत्ति विवादों पर न्यायिक निर्णय करने की शक्ति पर भी रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने गैर मुस्लिम सदस्यों की संख्या केंद्रीय वक्फ काउंसिल में चार और राज्य बोर्डों में तीन तक सीमित कर दी है, जो पहले क्रमशः 12 और सात तक हो सकती थी। उसने यह भी निर्देश दिया कि जहां तक हो सके वक्फ बोर्डों के सीईओ मुस्लिम होने चाहिए। संशोधित कानून में उपयोग के आधार पर वक्फ (वक्फ-बाय-यूजर) की मान्यता का प्रावधान हटाये जाने को सुप्रीम कोर्ट ने वैध करार दिया है, लेकिन यह शर्त लगाई है कि 8 अप्रैल 2025 तक पंजीकृत वक्फ संपत्तियां ऐसे किसी दावे से महफूज रहेंगी। संरक्षित स्मारकों और आदिवासी जमीनों के वक्फ दर्जे पर पाबंदियां संवैधानिक रूप से वैध मानी गईं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

In Defence of Indian Youth

Two weeks back, youth in Nepal took down their government through massive protests that originated on social media. According to reports, they even held important discussions on the next President on Discord! Whatever you think of the movement, it does take spheres of steel to do it. In Indonesia, protestors set fire to the Parliament building to protest illegal spending by authorities.

